हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 24.8 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री



राजेन्द्र नगर चौक पर लगा रहा जाम

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास में 8 को होगा जनदर्शन

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 8 जनवरी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 12 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मशीनिष्ट, वेल्डर, टर्नर, प्लम्बर, ट्रेक्टर मैकेनिक, शीट मेटल मोटर, मैकेनिक मोटर व्हिकल एवं कोपा के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर में संपर्क कर सकतें हैं।

### सहकारी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** पाटिलपुत्र गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित लिंगियाडीह का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार संचालक मंडलों के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 11 जनवरी को नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। 18 जनवरी को आमसभा आहूत कर निर्वाचन के लिए मतदान एवं मतगणना और 25 जनवरी को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा।

### 1 दिन में गिरा 2 डिग्री पारा फिर से कंपाने लगी ठंड

**बिलासपुर।** मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है, पारा एक ही दिन में 2 डिग्री तक जा गिरा है, जिससे सर्द हवाओं के सितम लोगों को कांपने के लिए मजबूर कर रही है। सोमवार को सुबह से ही ठंडी हवा चलती रही, ऐसे में लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहनना पड़ा। बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने लगा है, ऐसे में मौसम खुलते ही ठंड बढ़ेगी। आसमान से बादल छटते ही ठंडी हवाओं की चपेट में जिला आ चुका है। जहां रविवार को बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 14.4 रहा, वहीं सोमवार को 12.6 डिग्री दर्ज किया गया है।

### गणतंत्र दिवस में होगा गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** गणतंत्र दिवस परेड एवं समारोह नई दिल्ली में इस वर्ष छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की विशेष झलक देखने को मिलेगी। छत्तीसगढ़ की संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदर्शन के लिए भारत सरकार से औपचारिक आमंत्रण प्राप्त हुआ है। दल के 35 लोक कलाकार, संस्था के निदेशक अनिल गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता करेंगे। यह छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार है जब किसी एक संस्था के 35 लोक कलाकारों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर नृत्य प्रस्तुति का अवसर मिला है। लोक नृत्य निर्देशक श्री गढ़ेवाल ने बताया कि गेड़ी लोक नृत्य का चयन छत्तीसगढ़ की पुरातन एवं आदिवासी लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। नृत्य में पारंपरिक वेशभूषा के अंतर्गत कौड़ियों, चीनी मिट्टी की मालाएं, पटसन वस्त्र, सिकबंध, मयूर पंख, रंग-बिरंगे फूंदरा तथा सूती परिधान शामिल हैं।

**सीएसआर से नहीं मिले 6 करोड़** पशु औषधालय के पीछे बननी है लाइब्रेरी, औषधालय का भी किया जाएगा उन्नयन

# बुजुर्गों और बच्चों के लिए बनने वाली सेंट्रल लाइब्रेरी का काम अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचों-बीच बुजुर्गों और बच्चों के लिए बनने वाली लाइब्रेरी का मामला अटक गया है। यह लाइब्रेरी सिटी कोतवाली के सामने पशु औषधालय की जमीन पर बनाई जानी थी। इसके लिए टेंडर कर दिया गया है लेकिन एसईसीएल ने सीएसआर मद से 6 करोड़ की राशि अभी तक नहीं दी है। इसके साथ ही अब इस प्रोजेक्ट को स्मार्ट सिटी नहीं बल्कि हाउसिंग बोर्ड बनाएगा। हाउसिंग बोर्ड की ओर से वेटनरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखते हुए जगह पर काम करने की अनुमति मांगी गई है। दरअसल यह जमीन वेटनरी डिपार्टमेंट की ही है।

गौरतलब है कि योजना के तहत शहर के एकमात्र और पुराने शासकीय पशु औषधालय का उन्नयन भी किया जाएगा। अभी पशु औषधालय में बेहतर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इसे बेहतर बनाया जाएगा, डाक्टरों के बैठने और इलाज के लिए कैबिन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन, पानी की सुविधा समेत अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

■ हाउसिंग बोर्ड की ओर से वेटनरी डिपार्टमेंट को पत्र लिखते हुए जगह की मांग की गई

अलग खबर

ज्ञात हो कि युवाओं के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात देने के बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से शहर के बीचों बीच हृदय स्थल सिटी कोतवाली के पास एक और सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए टेंडर किया गया था। अब इस प्रोजेक्ट को लेकिन हाउसिंग बोर्ड ने अपने हाथ में ले लिया है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा ही निर्माण के साथ ही पूरी व्यवस्था की जाएगी। ध्यान रहे कि इस लाइब्रेरी की खासियत होगी की यह छोटे बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी,जहां बच्चे खेल और मनोरंजन के माध्यम से पढ़ाई और अतिरिक्त पाठ्येत्तर गतिविधियां सीखेंगे तो वहीं वरिष्ठ नागरिक क्वालिटी टाइम व्यतीत कर सकेंगे। लाइब्रेरी में बुजुर्गों के लिए पुस्तकें,न्यूज पेपर,काफी टेबल बुक जैसी सुविधाएं मिलेगी। बच्चों के लिए भी पुस्तक और अन्य सुविधाएं मौजूद रहेगी।

### 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की तैयारी

फिलहाल जो प्रोजेक्ट बना है उसके मुताबिक सीएसआर मद से 5 करोड़ 78 लाख की लागत से पशु औषधालय के पीछे 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की तैयारी है। लाइब्रेरी बिल्डिंग दो मंजिला होगी। इसमें ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर होंगे। जहां बैठने के लिए कुर्सी टेबल, एसी,बाथरूम समेत सभी आवशयक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। लाइब्रेरी बिल्डिंग में रैन हार्वेस्टिंग और फायर फाइटिंग सिस्टम भी इंस्टाल किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक शहर के बीचों बीच बनने से इस लाइब्रेरी का उपयोग सभी क्षेत्र के बुजुर्ग और बच्चे कर सकेंगे।

### वरिष्ठ नागरिक और बच्चों के लिए पहली लाइब्रेरी

अधिकारियों के अनुसार यह शहर की पहली ऐसी लाइब्रेरी होगी जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों को समर्पित होगी। लाइब्रेरी की जरूरत काफी दिनों से महसूस की जा रही थी, जहां वरिष्ठ नागरिक समय व्यतीत कर सकें। वरिष्ठ नागरिकों के लिए शहर के उद्यानों के अलावा ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां वें मेल मिलाप कर सकें और पठन पाठन कर पाएं। इस लाइब्रेरी के निर्माण के बाद बुजुर्ग यहां बैठकर न्यूज पेपर, पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। लाइब्रेरी में छोटे बच्चों के लिए ऐसा डिजाइन तैयार किया जाएगा जहां बच्चों को पढ़ाई और अन्य चीजों के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा स्पोर्ट्स मटेरियल भी लाइब्रेरी में होगी, जिससे बच्चे खेल के माध्यम से पढ़ेंगे और सीखेंगे भी।

### किड्स प्ले एरिया व कैफे भी रहेंगे लाइब्रेरी में

लाइब्रेरी में बच्चों के लिए किड्स प्ले एरिया रहेगा जहां आकर्षक चित्रकारी, खेल-कूद का साधन होगा। यहां बच्चे खेल कूद कर सकेंगे और उसके साथ पढ़ाई और अन्य गतिविधियां भी। लाइब्रेरी में कैफे भी होगा,जहां चाय-काफी के अलावा हेल्दी फूड उपलब्ध होगा। इसके साथ ही छोटा सा लॉन होगा जहां टहला जा सकेगा। पार्किंग की भी पूरी व्यवस्था की जाएगी।

### एनओसी मांगी गई

शहर में हमारे वरिष्ठ नागरिक और बच्चों के लिए सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने की योजना है,जहां वरिष्ठ नागरिक अध्ययन के साथ क्वालिटी टाइम बीता सकेंगे और बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए भी पूरी सुविधाएं मौजूद रहेगी। सीएसआर मद से कार्य किया जाएगा,इसके लिए टेंडर जारी किया गया था। अब पूरा काम हाउसिंग बोर्ड की ओर से किया जाएगा। वेटनरी डिपार्टमेंट से जमीन पर काम करने के लिए एनओसी मांगी गई है।

- **खचांजी कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम



कोनी रोड स्थित एग्रीकल्चर कालेज के पास पेड़ों की छंटाई कर सड़क पर लकड़ी डाल दी गई है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

# कॉम्बिंग गश्त : 30 स्थाई, 69 गिरफ्तारी, 23 फरार आरोपी, 6 बदमाश सहित 140 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात अपराधियों पर नकेल कसने जिले भर में पुलिस प्रशासन के द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान 30 स्थाई, 69 गिरफ्तारी, 23 फरार आरोपी, 6 गुण्डा बदमाशों सहित 140 आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस के अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले शांति व्यवस्था बनाने व अपराधियों पर पुलिस का खौफ दिखाने कॉम्बिंग गश्त कर अपराधियों पर कड़ाई से कार्रवाई करने का आदेश है। 4 जनवरी की रात एडीशनल एसपी सिटी पंकज कुमार पटेल, अर्चना झा, अनुज कुमार, सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह, कोतवाली सीएसपी आईपीएस गगन कुमार के नेतृत्व में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी बल के साथ मैदान में उतरे और नशेड़ियों के अड्डे, गुण्डा बदमाश, फरार वारंटी के घरों में दबिश दी गई। रात भर चले अभियान में पुलिस ने एक दिन में फरार 30 स्थाई वारंटी, 69 गिरफ्तारी वारंटी, 23 विभिन्न मामले में फरार आरोपी, 6 संदिग्ध गुण्डा बदमाशों को पकड़ा गया है।



### 5 लोग हथियार के साथ पकड़े गए

गश्त के दौरान पुलिस संदिग्धों को पकड़कर जांच कर रही थी। इस दौरान तोरवा सिविल लाइन, कोनी, चकरभाठा थाना क्षेत्र में 5 लोगों से चाकू जैसे घातक हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### 248 शिकायतों का किया गया निराकरण

एएसपी श्री पटेल ने बताया, 3 व 4 जनवरी 2026 को जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर आम नागरिकों से मिले 248 शिकायतों का त्वरित एवं सफल निराकरण किया गया है। इसमें 125 सादरी सामान्य व 123 स्थानीय शिकायतें शामिल हैं।

### नशाखोरी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

पुलिस द्वारा लगाकर अभियान चलाकर नशाखोरी करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। अभियान के माध्यम से अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। आम नागरिकों में सुरक्षा, विश्वास एवं कानून व्यवस्था के प्रति भरोसा सुदृढ़ किया जा रहा है।

## सकरी मिडिल स्कूल में कुत्ते का आतंक

# कुत्ते ने एकबार फिर बनाया मासूमों को निशाना, 3 स्कूली बच्चे सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** सकरी क्षेत्र के मिडिल स्कूल में एकबार फिर आवारा कुत्तों ने मासूम बच्चों को निशाना बनाते हुए लहूलूहान कर दिया। घटना सोमवार की है, इस दौरान स्कूल कैंपस में घुसे आवारा कुत्ते ने बेकाबू होकर बच्चों के पैरों को काटा, इस दौरान स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों ने बड़ी मुश्किल से मासूमों को बचाया है। 3 स्कूली बच्चों को सिम्स में भर्ती किया गया है, वहीं 1 बच्चे का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

आवारा कुत्तों के कारण मासूम बच्चों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सकरी के मीडिल स्कूल में सोमवार को अचानक आवारा कुत्ता घुस गया, इस दौरान स्कूल में संचालित हो रहा था, स्कूल में पढ़ने वाली 8 वीं कक्षा की छात्रा मोना यादव पिता नवल यादव को सबसे पहले निशाना बनाया और पैरों पर दांत गड़ा दिए, इसके बाद कुत्ते ने एक साथ कई बच्चों को निशाना बनाया। इस दौरान यादव मोहल्ला निवासी तमन्ना साहू, सूरज को भी कुत्ते ने काटा। शिक्षकों ने कुत्ते के हरकत देखी और बच्चों को बचाया। इस दौरान गांव नवदा से मामा के घर आए स्कूली बच्चे को भी कुत्ते ने लहूलूहान कर दिया है। 3 बच्चों को घायल अवस्था में सिम्स लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।





### रोजाना 40 से अधिक मरीजों को लगता है इंजेक्शन

सिम्स में रोजाना 40 से अधिक मरीजों को रैबिज का इंजेक्शन लगाया जाता है। इसमें से 15 नियमित मरीज होते हैं, जबकि करीब 25 से अधिक नए मामले आते हैं। खास बात यह है कि इस सीजन में अचानक कुत्ते आक्रामक हो चुके हैं। जिसके चलते कुत्ते काटने की घटनाएं बढ़ चुकी हैं।

### खमतराई स्कूल में हो चुका है हादसा

पिछले हफ्ते ही बच्चे को बचाने के लिए गई शिक्षिका को कुत्ते ने बूरी तरह से काट दिया, इस दौरान पैर का मांस ही कुत्ते ने निकला दिया था, जिसके बाद शिक्षिका को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। आए दिन होने वाली इन घटनाओं से स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं, वहीं स्कूल प्रबंधन और प्रशासन इस मामले में लापरवाही बरत रहा है।

# आरपीएफ ने 277 दलालों से जब्त की 62 लाख 10 हजार की टिकिट

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने ई-टिकिट की दलाली करने वाले टिकिट दलालों के खिलाफ आपरेशन उपलब्ध के तहत अभियान चलाकर 277 दलालों को पकड़कर उनके पास से 62.10 लाख रुपए की टिकिट बरामद की है। इन टिकिट दलालों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

ट्रेनों में भीड़ और बर्थ कंफर्म नहीं होने का सबसे अधिक फायदा टिकिट दलालों को होता है, जो यात्रियो को दोगुना किराए की राशि लेकर टिकिट उपलब्ध कराते हैं। ऐसे दलाल आईआरसीटीसी के लायसेंसी भी नहीं रहते हैं, जिसके कारण रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर आरपीएफ की टीम बिना लायसेंस वाले दलालों के खिलाफ कार्रवाई करती है, जिसके



■ ई-टिकिट की करने वाले दलालों के खिलाफ चलाया गया अभियान

बावजूद दलाल अपनी हरकत से बाज नहीं आते हैं। इसी तरह आरपीएफ की टीम ने आपरेशन उपलब्ध के तहत वर्ष 2024 में अभियान चलाया था। इस अभियान में 331 टिकिट दलालों को गिरफ्तार करने के बाद 1 करोड़ 27 लाख रुपए की टिकिट जब्त की गई थी। यह मुहिम तीनों डिवीजन नागपुर, बिलासपुर और रायपुर में वर्ष 2025 में भी शुरु किया गया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 277 दलालों की गिरफ्तारी की गई और उनसे 62.10 लाख रुपए की ई-टिकिट व अन्य उपकरणों को जब्त कर रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत 303 आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया और आपरेशन नन्हें फरिश्ते के माध्यम से घर से बिछड़े बच्चों को सुरक्षित बचाकर उनके परिजन को सुपुर्द किया गया है। वहीं मानव तस्करी की रोकथाम हेतु आपरेशन आहट के अंतर्गत सात तस्करों को गिरफ्तार कर 12 लोगों को मुक्त कराने के अलावा आपरेशन नारकोस का अभियान चलाकर 63 मामलों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.70 करोड़ रुपए के 713.522 किलो गांजा जब्त किया गया है।

## 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी को झटका

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी की पिटीशन सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**बिलासपुर।** 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के मामले में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने एसएलपी के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू फाइल किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इस गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने रिव्यू के आदेश को चुनौती देते हुए क्युरटिव पिटीशन फाइल किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यरत 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 5 मार्च 2008 के छग शासन के नियमितीकरण आदेश के आधार पर 26 अगस्त 2008 को नियमित किया गया था। 15 जनवरी 2009 को गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी बन गई और सभी 109 कर्मचारी नियमित कर्मचारी के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का हिस्सा बने। सबने उपरोक्त आदेश के अनुशरण में यूनिवर्सिटी में काम करना शुरू कर दिया और 31 मार्च 2009 तक 8,209 रुपए वेतन प्राप्त किया। अचानक बिना किसी नोटिस के उनका वेतन वापस ले लिया गया और अप्रैल 2009 से कलेक्टर दर पर भुगतान किया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसे उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत कर चुनौती दी। उक्त रिट



याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान याचिकाकर्ताओं के नियमितीकरण आदेश 19 फरवरी 2010 के आदेश रद्द कर दिया गया था।

याचिकाकर्ताओं ने रिट याचिका के माध्यम से न्यायालय समक्ष 19 फरवरी 2010 के आदेश को चुनौती दी गई, जिसके द्वारा 26 अगस्त 2008 को जारी नियमितीकरण आदेश को 22 सितंबर 2008 से रद्द कर दिया गया था। छग उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने 6 मार्च 2023 को आदेश पारित करते हुए कहा कि ऊपर बताई गई चर्चा के आधार पर 19 फरवरी 2010 का विवादित आदेश टिकने लायक नहीं है और इसलिए इसे रद्द किया जाता है। इसके नतीजे में याचिकाकर्ता यूनिवर्सिटी के रेगुलर कर्मचारी माने जाएंगे और उनका रेगुलराइजेशन एक्ट 2009 के सेक्शन 4 डी के तहत सुरक्षित रहेगा। याचिकाकर्ता 26 जून 2008 के आदेश मुताबिक अपनी सेवाओं के रेगुलराइजेशन की तारीख से रेगुलर कर्मचारी के तौर पर सभी फायदे पाने के हकदार होंगे। नतीजतन ऊपर बताई गई याचिका मंजूर की जाती है।

सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए सीयू ने रिट अपील फाइल की थी, डिवीजन बेंच ने सभी रिट अपील याचिकाओं को खारिज कर दिया था। सीयू ने सभी आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एसएलपी फाइल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई 2024 को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने छग उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट के पास किए गए आदेश के पालन के लिए रेस्पोंडेंट अथारिटीज के सामने एप्लीकेशन दिया था। लेकिन यूनिवर्सिटी के कुलपति और रजिस्ट्रार एवं एमएचआरडी के सेक्रेटरी को नोटिस जारी किया गया। गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी ने एसएलपी के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के सामने रिव्यू फाइल किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी ने रिव्यू के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के सामने क्युरटिव पिटीशन फाइल की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आदेश 2 दिसंबर 2025 को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता दीपाली पांडे ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की।

# रात 2.30 बजे बीच सड़क पर कार खड़ी कर नाच रहे थे 5 युवक-युवती

**बिलासपुर।** रात 2.30 बजे सकरी नेशनल हाइवे में बीच सड़क पर कार खड़ी कर नशे में तीन युवतियां, दो युवक नाचते हुए हंगामा मचाने लगे। सूचना पर पुलिस ने कार सहित सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, 4 जनवरी की रात 2.30 बजे युवक, युवतियों ने सकरी प्लाईओवर के नीचे नेशनल हाइवे पर बीच सड़क में कार सीजी 11 बीएल, 2534 को खड़े कर दिया, फिर तेज आवाज में गाना बजाकर नशे में नाचते हुए हंगामा मचाने लगे, जिससे आवागमन बाधित हो गया। दूर दराज जाने वाले वाहन सवारों को जाम में फंसकर हलाकर होना पड़ रहा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो सभी नशे में डांस करते हुए मिले। पुलिस को देखकर भी उनका डांस बंद नहीं हो रहा था। पुलिस गाना बंद कर गाड़ी सहित पांचों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने मौके से नागेश्वर श्रीवास, शिव सिंह एवं तीन युवतियों को पकड़ा। दोनों युवक जांजगीर, रायगढ़ के तथा तीनों युवतियां जांजगीर की रहने वाली हैं। पांचों शहर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। पुलिस ने मो. सरफरोज की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 2, 285, 3, 5 व 185 मोटर व्हीकल एक्ट व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

■ पुलिस ने किया गिरफ्तार



### कोनी रोड में हुआ था हंगामा

पिछले दिनों देर रात कोनी मुख्य मार्ग में शराब के नशे में एक युवक व युवती का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। नशे में धुत युवती लहराते हुए युवक को झापड़ मारते नजर आ रही थी। हंगामा से आवागमन बाधित हो गया था।

## खबर संक्षेप

### जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ



**बिलासपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार रायपुर द्वारा बिलासपुर ऊर्जा शिक्षा उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय 'विकसित भारत 2047' जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं भव्य चित्र प्रदर्शनी का आज शुभारंभ हुआ। यह प्रदर्शनी 7 जनवरी तक खुला रहेगा। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण कर विभिन्न थीम आधारित स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में एक सशक्त राष्ट्रीय संकल्प है, जिसे जनभागीदारी के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान गीत एवं नाट्य विभाग के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया। तीन दिवसीय इस चित्र प्रदर्शनी में भारत की विकास यात्रा, प्रमुख सरकारी पहलें और भावी दृष्टिकोण को दर्शाया गया है।

### डॉ. गिरधारी लाल लोक साहित्य कला सम्मान से अलंकृत किए गए




**बिलासपुर।** छेरछेरा महोत्सव पर अहीर नृत्य कला परिषद देवरहट द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल को लोक साहित्य कला सम्मान से अलंकृत किया है। परिषद देवरहट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मंतराम यादव द्वारा 3 जनवरी को ग्राम देवरहट लोरमी में अहीर नृत्य कला महोत्सव एवं छेरछेरा महापर्व पर अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर गिरधारी लाल अग्रवाल को यादवी जैकेट, साफा, कलगी पहनाकर लोक साहित्य कला सम्मान प्रदान किया। उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोरमी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, बुधराम यादव, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, रंगकर्मी निर्मोही, अधिवक्ता हर्षवर्धन अग्रवाल आदि मौजूद थे। इस अवसर पर ऋतु चक्र विशेषांक रऊताही कला 2026 नामक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

### देवी मां शकांधरी देवी की जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा



**बिलासपुर।** ग्राम लोखंडी में मरार समाज के द्वारा देवी मां शकांधरी देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 400 महिलाओं ने आकर्षक परिधान में भाग लिया। मां शकांभरी माता का पंडित महेश उपाध्याय हांफा वाले ने पूजा अर्चना की। इसे सफल बनाने में गांव के जीवराखन पटेल, गोपाल पटेल, शिवकुमार पटेल, मनहरण पटेल, डा. चंद राय पटेल, घनश्याम पटेल चंद्राम पटेल, रामकुमार पटेल, नारायण पटेल, ढोला लाल पटेल, शनि पटेल, सुमित पटेल - प्रमोद पटेल, संजू पटेल, सूरज पटेल, ग्राम पंचायत लोखण्डी के सरपंच बलराम पटेल, जनपद सदस्य सभापति परमेश्वर पटेल की उपस्थिति रही।

### एरोड्रम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में सोमवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एरोड्रम कमेटी व एरोड्रम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित की गई। ज्ञात हो कि बैठक बीसीएएस एवं डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। एरोड्रम कमेटी बैठक में सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी, डीएफओ, एयरपोर्ट डायरेक्टर, सीएमएचओ, सीएसओ, इंटेलिजेंस ब्यूरो, क्यूएएसओ, एयरलाइंस स्टेशन मैनेजर, मनोचिकित्सक, भाषा विज्ञानी, एसडीएम, सीएमओ एवं स्थानीय थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विमान अपहरण जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं आपसी समन्वय पर विशेष चर्चा की गई।

## सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में लगेंगे एयर स्टरलाइजर, एसईसीएल ने दिया फंड



**बिलासपुर।** कोनी स्थित कुमार साहब स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में जल्द ही 77 सेमीकंडक्टर एयर स्टरलाइज़र लगाई जाएगी। एसईसीएल के सीएसआर मद से 3.49 करोड़ रूपए की सहायता दी जा रही है। वहीं इस कार्य को पूरा किए जाने को लेकर अस्पताल प्रबंधन और एसईसीएल के बीच समझौते में हस्ताक्षर किए गए है।

- अस्पताल प्रबंधन और एसईसीएल के बीच हुआ एमओयू

इस दौरान एमओयू एसईसीएल निदेशक (मानव संसाधन) बिरांची दास और अस्पताल के संयुक्त संचालक-सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ भानु प्रताप सिंह के बीच एमओयू साइन किया गया। इस दौरान औपचारिक रूप से एसईसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) सीएम वर्मा शामिल हुए। परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर आधारित एयर स्टरलाइजेशन तकनीक को शल्य चिकित्सा ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू, एमआईसीयू, डायलिसिस यूनिट तथा अन्य वार्ड में स्थापित किया जाएगा। संक्रमण नियंत्रण एवं इनडोर वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के लिए 77 एयर स्टरलाइजेशन लगाएं जाएंगे।

डॉ भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रोगियों की सुरक्षा, स्वच्छता मानकों तथा चिकित्सकों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। शासकीय सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी।

## मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा, सिम्स में सी-आर्म मशीन से इलाज शुरू



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में नववर्ष की शुरूआत से ही सी-आर्म मशीन की स्थापना की गई है। अत्याधुनिक मशीन से गंभीर रूप से घायल मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा। ऐसे में मरीजों को निजी अस्पताल जाने की नौबत नहीं आएगी और रिफर की समस्या भी कम होगी।

- सुविधा नहीं होने से दूसरे अस्पतालों में मरीज किए जाते थे रिफर

बीते 7 वर्षों से सिम्स में सी आर्म मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण हर साल 150से अधिक गंभीर हड्डी रोग एवं ट्रॉमा मरीजों रिफर करना पड़ता था। मशीन के उपलब्ध होने से अब मजबूरी समाप्त हो गई है और ऐसे में जटिल ऑपरेशन सिम्स में पूरे किए जा सकेंगे। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक मरीज पर इलाज किया गया है। बताया जा रहा है कि देवरीडीह निवासी मरीज खेदु दास (उम्र 40 वर्ष) का 27 दिसंबर को बाइक से एक्सीडेंट हो गया था। दुर्घटना के बाद उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया था।

मरीज के दाहिने पैर की हड्डी टूटकर गई थी और गंभीर व चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। घाव भरने के बाद 5 जनवरी को अत्याधुनिक सी-आर्म मशीन की सहायता से पैर में टीबिया नेलिंग जैसी जटिल शल्यक्रिया की गई। इस दौरान डॉ. एआर बैन, डॉ. संजय घिल्ले, डॉ. अविनाश अग्रवाल एवं डॉ. प्रवीण द्विवेदी, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. बर्मन द्वारा ऑपरेशन के दौरान सहयोग दिया।

## प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए 30 लाख की स्वीकृति का दिया भरोसा

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात कर लंबे समय से बंद पड़े प्रेस क्लब भवन के निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब भवन के निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति का प्रस्ताव रखा, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने तत्काल सहमति प्रदान करते हुए इसी सप्ताह प्रशासकीय स्वीकृति देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

श्री साव ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और पत्रकारों के लिए सशक्त, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण भवन का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पत्रकार हितों और प्रेस संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रेस क्लब भवन के निर्माण में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक बाधा नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा, प्रेस क्लब के सचिव संदीप करिहार ने कहा कि प्रेस क्लब भवन भविष्य में पत्रकारों के प्रशिक्षण, संवाद, प्रेस वार्ताओं और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों का सशक्त केंद्र बनेगा।



### मुख्यमंत्री करेंगे बिलासपुर ननि की आज रायपुर में समीक्षा

# सीएम से फ्लाईओवर समेत वार्डों के विकास लिए राशि मांगेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार बिलासपुर नगर निगम व शहर विकास की समीक्षा मंगलवार को रायपुर में करेंगे। इसके लिए मंत्रालय में एक मिटिंग रखी गई है, जिसमें शहर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी एवं निगम सीमा में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के सभी विधायक शामिल होंगे और निगम कमिश्नर सहित इंजीनियरों की पूरी टीम भी रायपुर जाएगी। इस मिटिंग में मुख्यमंत्री के समक्ष शहर में फ्लाईओव्हर, सड़क, नाली से लेकर शहर भीतर के वार्डो के लिए एक-एक करोड़ और आउटर वार्डों के लिए डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए की मांग रखी जाएगी।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने दो साल के कार्यकाल दौरान यह पहली बार बिलासपुर नगर पालिक निगम की बैठक लें रहे हैं। इसलिए सोमवार को नगर निगम के अधिकारी से लेकर इंजीनियर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के लिए जानकारी तैयार करने में लगे रहे। मुख्यमंत्री श्री साय सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे मंत्रालय में बिलासपुर नगर निगम एवं शहर विकास कार्यो सहित प्रगतिरत और प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस मिटिंग में शामिल होने शहर महापौर पूजा विधानी और निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे समेत निगम के अधिकारियों, इंजीनियरों की पूरी टीम रायपुर जाएगी। बिलासपुर नगर निगम सीमा अंतर्गत बिलासपुर विधानसभा के अलावा बेलतरा, बिल्हा, तखतपुर विधानसभा का क्षेत्र भी आता है इसलिए मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में इन क्षेत्रों के विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह के भी शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री मिटिंग दौरान नगर निगम क्षेत्र में कौन-कौन विकास कार्य, परियोजनाएं चल रही है और कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो गए तथा प्रस्तावित नए प्रोजेक्ट, परियोजनाओं को लेकर भी यहां के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से चर्चा करेंगे। इस बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के उच्चाधिकारी भी उपस्थिति रहेंगे इसलिए प्रस्तावित योजनाओं को भी मुख्यमंत्री समक्ष विस्तार से रखा जाएगा।

### फंड के लिए की जाएगी मांग

शहर भीतर के वार्डो एवं आउटर नए एरिया के वार्डो में सड़क, नाली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं के साथ ही विकास कार्यो के लिए फंड की कमी आड़े आती है। इसलिए पार्षदों की राय के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष शहर के प्रत्येक वार्डो के लिए एक-एक करोड़ रुपए और आउटर के वार्डो के लिए डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने मांग रखी जाएगी। क्योंकि शहर के आउटर ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में कुछ वर्षो पहले शामिल तो कर लिया गया था, किन्तु वहां पर अभी भी नागरिकों को इन बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह विकास कार्यो एवं निगम को मिलने वाली क्षतिपूर्ति आदि की राशि मांगी जाएगी।

### विकास कार्यों पर होगी चर्चा

प्रदेश के मुख्यमंत्री मंगलवार को रायपुर में बिलासपुर नगर निगम की समीक्षा बैठक लेंगे। इसमें निगम एरिया के सभी विधायक भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के समक्ष शहर के वार्डों समेत आउटर के नए वार्डों की समस्याओं को दूर करने फंड की मांग रखेंगे, साथ ही फ्लाईओवर, सड़क, नाली, पेयजल की योजनाओं और विकास कार्यों पर भी चर्चा होगी।

-**श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर, बिलासपुर

## छात्रों ने एंडोमेट्रियोसिस पर आधारित थीम प्रस्तुत की

**बिलासपुर।** इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी (प्रीमियर क्रिएटिव कैंपस) बिलासपुर के फैशन स्टूडेंट्स ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सामाजिक विषय एंडोमेट्रियोसिस पर आधारित थीम प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। छात्रों ने इस बीमारी को केंद्र में रखते हुए अपने डिज़ाइनों से महिलाओं के भीतर चल रहे दर्द और संघर्ष को दर्शाया।

छात्रों द्वारा कुल 9 परिधान तैयार किए गए, जिनमें रक्त, बंधन, पीड़ा और असंतुलन को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया गया। एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें गर्भाशय के अंदर बनने वाला टिश्यू शरीर के बाहर विकसित होने लगता है, जिससे महिलाओं को लंबे समय तक




शारीरिक व मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ती है। छात्रों ने इस विषय को फैशन के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति को इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी एवं प्रीमियर क्रिएटिव कैंपस की डायरेक्टर सइदा वनक के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। वहीं हुसैना वनक एवं निकिता देवांगन का भी विशेष सहयोग रहा। इस कलेक्शन को छात्र दिशा, खुशी, मेहर, आराधना, निशा एवं रोहिणी ने डिजाइन कर मंच पर प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# तोखन ने की रेल नई लाइन व वैगन निर्माण कारखाना खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



केंद्रीय मंत्री तोखन ने वित्त मंत्री निर्मला से की मुलाकात।

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा के सांसद तोखन साहू ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संदर्भ में आज नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।

- सौंपी 3 प्रमुख मांगों की सौगात

इस दौरान श्री साहू ने छत्तीसगढ़ की आर्थिक और बुनियादी प्रगति के लिए तीन अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाओं का प्रस्ताव सौंपा और उन्हें बजट में शामिल करने का आग्रह किया।

मुलाकात के दौरान इन तीन 'गेम-चेंजर' परियोजनाओं पर हुई चर्चा। इसमें कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन पर श्री साहू ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस रेल लिंक को 100% सकल बजटीय सहायता के साथ पूर्ण किया जाए। यह लाइन कोरबा कोयला क्षेत्र से पश्चिमी भारत तक खनिजों की निर्बाध निकासी के लिए 'लाइफलाइन' साबित होगी। इसी तरह बिलासपुर में वैगन निर्माण कारखाना की स्थापना की मांग प्रमुखता से रखी गई।

श्री साहू ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र की निकटता के कारण यह परियोजना न केवल रेलवे के लिए किफायती होगी, बल्कि छत्तीसगढ़ के हजारों युवाओं के लिए रोजगार का महाकुंभ साबित होगी। बिलासपुर हवाई अड्डे का कायाकल्प के तहत बिलासपुर के औद्योगिक और प्रशासनिक महत्व को देखते हुए यहां एयरबस ए 320 और बोइंग 737 जैसे बड़े विमानों के संचालन करने रनवे विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए विशेष बजटीय प्रावधान की मांग की गई। श्री साहू ने कहा कि ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गति शक्ति' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं। इनसे न केवल छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी, बल्कि देश की जीडीपी में भी ऐतिहासिक योगदान होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए छत्तीसगढ़ के विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### बिलासपुर की उड़ानों को लगेंगे 'विकास के पंख'

बिलासपुर के हवाई संपर्क को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद तोखन साहू का 'मिशन एयरपोर्ट' अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। उनके निरंतर पत्राचार और व्यक्तिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप, बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 290.80 एकड़ भूमि का आवंटन और 50.60 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है।

- सांसद तोखन साहू के भगीरथ प्रयास से 290 एकड़ भूमि आवंटित



इन परियोजनाओं के तहत 4-सी श्रेणी में उन्नयन को लेकर बड़े कमर्शियल विमानों के संचालन का रास्ता साफ हो गया। नाइट लैंडिंग फरवरी-मार्च से रात में भी विमानों का आवागमन प्रस्तावित। बुनियादी ढांचाः रनवे विस्तार और नए टर्मिनल भवन को सैद्धांतिक मंजूरी।

इस बड़ी उपलब्धि पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया है। सेना के आधिपत्य वाली जमीन को राज्य शासन को हस्तांतरित करने में उनके त्वरित सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। राज्य सरकार की ओर से राशि जारी करने और प्रशासनिक अड़चनों को दूर करने के लिए उनकी तत्परता की सराहना की। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बिलासपुर की मांग को प्राथमिकता देने और 4-सी श्रेणी की मंजूरी के लिए उनका विशेष धन्यवाद किया।

# सकरी में लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम एरिया अंतर्गत सकरी क्षेत्र में सोमवार को उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य और विधायक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में लगभग 45 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम ऐन मौके पर स्थगित कर दिया गया। निगम आयुक्त का कहना है कि भविष्य में कुछ और कार्यों को जोड़कर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उधर एकाएक कार्यक्रम स्थगित होने पर राजनैतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म है।

नगर निगम सीमा अंतर्गत सकरी क्षेत्र के शासकीय स्कूल प्रांगण में सोमवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम का आयोजक नगर निगम था और इस कार्यक्रम के लिए निगम की ओर से जो ई-आमंत्रण कार्ड लोगों को वाटसएप के माध्यम से भेजा गया था, उसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह और अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला व महापौर श्रीमती पूजा विधानी का नाम शामिल था। इस ई-आमंत्रण कार्ड में क्षेत्र के सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू समेत बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक जैसे वरिष्ठ भाजपा नेताओं का नाम नहीं था। खबर है कि इस कार्यक्रम में उपेक्षा को लेकर सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी थी और यह मामला केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से लेकर ऊपर मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची, जिसके बाद ऐन कार्यक्रम पहले कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर आज राजनीतिक गलियारे से लेकर नगर निगम तक चर्चा बनी रही।

### नगर निगम की हालत खस्ताः नायक



बिलासपुर कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी रहे प्रमोद नायक ने सकरी में विकास योजनाओं और भूमि पूजन के कार्यक्रम को निरस्त होने को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम बिलासपुर की हालत खस्ता है। आज सकरी में भूमि पूजन और विकास के कार्यों का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री और नगर निगम के मंत्री अरुण साव स्थानीय विधायक के साथ करने वाले थे, लेकिन वह कार्यक्रम अचानक निरस्त कर दिया गया। यही हालत नगर निगम के सभी कार्यों में है। नगर निगम के 70 के 70 वार्ड सफाई अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, महापौर और सभापति की लड़ाई, एमआईसी मेंबर और सभापति की लड़ाई और बात तो अब विधायक और मंत्रियों की लड़ाई तक पहुंच गई, आज की घटना ने प्रमाणित कर दिया कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर खाने में खुली लड़ाई चल रही है। कार्ड में नाम न छापने का असर युवा महोत्सव से लेकर सकरी तक के कार्यक्रमों में दिखाई दे रहा है।

### कुछ कार्य छूट गए थे

सकरी में आज जो कार्यक्रम होना था उसमें नगर निगम का लगभग 15 करोड़ के विकास कार्यों सहित अन्य विभागों के काम का भी लोकार्पण, भूमिपूजन होना था जो स्थगित हो गया। नगर निगम की ओर से कार्ड नहीं छपवाया गया था, ई-आमंत्रण पत्र था। कुछ कार्य छूट गए थे जिसे जोड़कर बाद में कार्यक्रम होगा।

-**प्रकाश सर्वे**
कमिश्नर
नगर निगम

# अपना मार्ट में होलसेल रेट का उठाएं लाभ 8 तक

**बिलासपुर।** शहर की प्रतिष्ठित रिटेल चेन अपनामार्ट पर चल रहा होलसेल हफ़्ता अब अपने अंतिम चरण में है। 1 जनवरी से 8 जनवरी तक ग्राहक स्टोर और एप दोनों पर होलसेल रेट का सीधा लाभ उठा सकते हैं।

होलसेल हफ़्ता के तहत ग्राहकों को रोज़मर्रा की ज़रूरतों पर बेहतरीन बचत मिल रही है। इसके साथ ही होलसेल हफ़्ता का एक प्रमुख आकर्षण है राइस मेला, जहाँ विभिन्न प्रकार के चावल ग्राहकों को सबसे बेहतरीन दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फेस्टिव सीज़न के बाद जब आमतौर पर सभी ऑफर्स समाप्त हो जाते हैं, ऐसे समय में अपनामार्ट की यह पहल ग्राहकों के लिए राहत बनकर आई है। सिर्फ़ एक हजार रुपए की शापिंग पर सभी आइटम्स होलसेल रेट पर उपलब्ध हैं। यहां अतिरिक्त




### बिजनेस प्लस

आकर्षक ऑफर्स भी उपलब्ध है। इसमें 2500 या उससे अधिक की खरीदारी पर चीनी बिल्कुल फ्री, एसबीआई कार्ड पर 5% कैशबैक, 500 की खरीदारी पर कैलेंडर फ्री और भी ढेर सारे ऑफर्स ग्राहकों का इंतज़ार कर रहे हैं।

अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्टोर या ऐप पर आकर इन शानदार ऑफर्स का लाभ उठाएँ और महंगाई से राहत पाएं।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अपनामार्ट भविष्य में भी इसी तरह के ग्राहक-हितैषी ऑफर्स लाकर लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए रखेगा। चलाए जा रहे ऑफर को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## शोभा टाह फाउंडेशन ने किया जरूरतमंदों को कंबल वितरण

**बिलासपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी अनिल टाह द्वारा सोमवार को शोभा टाह की 19 वीं पुण्यतिथि पर हनुमान, गणेश मंदिर रेल्वे सहित नगर के विभिन्न मंदिर परिसर के आसपास जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया। यह सेवा कार्य प्रतिवर्ष शोभा टाह की पुण्यतिथि पर अनिल टाह संस्थापक शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में रह रहे गरीब लोगों के बीच किया जाता है। इसी कड़ी में शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। जहां लोगों को औषधि, चश्मा एवं ट्राई साइकिल का भी वितरण किया जाता है। इस वर्ष 25 जनवरी रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल चिंगराजपारा में किया जाएगा। जिसमें अंचल के वरिष्ठ चिकित्सकगण अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु शोभा टाह फाउंडेशन के सदस्य, हरिहर ऑक्सीजोन की महिला विंग व सदस्यगण अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे।



शोभा टाह की 19 वीं पुण्यतिथि पर किया गया सेवा कार्य

बैठक

## हनुमान चालीसा का पाठ कर सुख-समृद्धि की मंगल कामना



**बिलासपुर।** क्षत्रिय राठौर समाज कल्याण समिति द्वारा रविवार को राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौड़ बाल उद्यान एवं सामुदायिक भवन राजकिशोर नगर में मासिक मीटिंग और नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर सबके सुख और समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और समाज की एकता और प्रगति के लिए प्रार्थना की। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य संरक्षक सुमित्रा रामसागर राठौर और उपाध्यक्ष नवनीत सिंह राठौड़ का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्हें समाज के वरिष्ठजनों द्वारा बधाई दी गई और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की गई। इस दौरान प्रस्तावित राष्ट्रवीर दुर्गा दास राठौर मार्ग पर सभी समाज जन उपस्थित होकर राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौड़ का जय घोष कर समाज को एकता के सूत्र में संगठित करने की कोशिश की गई।

आयोजन

## एकजुट होकर लक्ष्य की प्राप्ति करना संस्था का मूलमंत्र




**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन ने वार्षिक साधारण सभा का आयोजन एसोसिएशन के कार्यालय आनंदो निकेतन कुटीपारा रोड मोपका में किया। इसमें संस्था की विभिन्न विकास संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी गई। शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। सचिव असित वरन दास ने वर्ष 2024-25 में संस्था के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि संस्था जिस प्रकार सामाजिक उन्नयन की दिशा में निरंतर कार्यशील है, उसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एक स्वस्थ वातावरण निर्मित करने की जिम्मेदारी उठा रही है। सहायक कोषाध्यक्ष देवाशीष सरकार ने विगत वर्ष का ऑडिटेड लेखा जोखा प्रस्तुत किया और कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में संस्था ने आर्थिक मसलों पर बेहतर काम किया। इस आय व्यय की लेखा जोखा को सदन ने बहुमत से पारित किया। अध्यक्ष बीसी गोलदार ने कहा कि एकजुट होकर लक्ष्य की प्राप्ति करना संस्था का मूलमंत्र है। उन्होंने संयुक्त सचिव भक्तिमय चौधरी व प्रबीर सेन गुप्ता के कामों की सराहना की।

शिविर

## नृत्य के माध्यम से बताई गई ब्रह्मा भोजन की महिमा



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर स्थित शिव-अनुराग भवन में 'ब्रह्मा भोजन एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इसमें कु. त्रिशा ने नृत्य के माध्यम से ब्रह्मा भोजन की महिमा का वर्णन किया। कु. अनन्या ने गीत-खातिर हमारे दूर से चल के जो आप आए..की धुन पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कु. गौरी, तनु, सोनिया व अविका की सतयुगी देवी-देवताओं के महारास ने सभी को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम की शुरुआत योगाभ्यास और मुरली श्रवण से हुई। संस्था से जुड़े व्यवसायी कैलाश अग्रवाल, आरएसएस के शरद बल्हाल, सुनील जायसवाल, शिंगू भाई, हैंड्स ग्रुप के प्रमुख अभिषेक विधानी, मंत्रालय के एडिशनल कलेक्टर हर्ष पाठक, नटवर सोनछात्रा, वंदे मातरम मित्र मंडल के राजेश जायसवाल, डॉ लव-कुश श्रीवास्तव, वरिष्ठ विद्युत विभाग अभियंता भूषण वर्मा, एडप्रयास के विनोद पांडेय, ममता पाण्डेय, सीए संदीप अग्रवाल ने परमात्मा शिव का ध्वज फहराया। इसके बाद सभी अतिथियों सहित सैकड़ों भाई-बहनों ने ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया।

# विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा "छत्तीसगढ़ अंजोर विकसित कार्ययोजना" विषय पर भव्य एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया। यह आयोजन राज्य की महत्वाकांक्षी "छत्तीसगढ़ अंजोर विजन दस्तावेज़ से प्रेरित था, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत संकल्प को छत्तीसगढ़ की भौगोलिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के अनुरूप ढालने की व्यापक कार्ययोजना प्रस्तुत करता है।






छत्तीसगढ़ अंजोर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**बिलासपुर।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओपी चौधरी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया, उन्होंने राज्य की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए स्टेट कैपिटल रीजन के विकास, निवेश-अनुकूल माहौल के सृजन तथा नर्सिंग व कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं पर विशेष बल दिया। संस्थागत सहयोग को मजबूत करने हेतु उन्होंने राज्य नीति आयोग के साथ एमओयू कर विश्वविद्यालय को "छत्तीसगढ़ अंजोर" का नोडल केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखा। विश्वविद्यालय में रिक्त पदों की स्वीकृति तथा अधोसंरचना विकास के लिए पूर्ण सरकारी सहयोग का आश्वासन दिया।



### छात्र छत्तीसगढ़ के विकास की रीढ़

कुलपति प्रो अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने इस मिशन में युवाओं की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग छह लाख छात्र छत्तीसगढ़ के विकास की रीढ़ बनेंगे।

विशिष्ट वक्ताओं ने आर्थिक लक्ष्यों पर गहन प्रकाश डाला। प्रधान महालेखाकार श्री यशवंत कुमार ने राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को वर्तमान लगभग 5 लाख करोड़ से बढ़ाकर 75 लाख करोड़ तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य साझा किया। डॉ वी एन आलोक ने 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार तथा मजबूत अधोसंरचना को राज्य की प्रगति के लिए अनिवार्य बताया। तकनीकी सत्रों में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रो कन्हैया अहूजा ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उपाय सुझाए, जबकि डॉ. एच.एस. होता ने विश्वविद्यालय की दूरदर्शी परियोजनाओं तथा डिजिटल ह्यूमैनिटी हब की जानकारी दी।

### कैलेंडर का अनावरण

इस अवसर पर विश्वविद्यालय का वार्षिक कैलेंडर तथा एआई प्रोजेक्ट का औपचारिक अनावरण भी किया गया। सम्मानित अतिथियों में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला तथा डॉ देव नारायण ने सुशासन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत को पुनः 'विश्वगुरु' बनाने के संकल्प को दोहराया। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी समृद्ध,आत्मनिर्भर एवं समावेशी छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में शैक्षणिक-सरकारी सहभागिता को मजबूत करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, जो राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत के संकल्प में छत्तीसगढ़ के योगदान को रेखांकित करती है। कुल सचिव डॉक्टर तरनीश गौतम ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# बच्चों ने पेश किया युगल कथक, ओडिसी नृत्य

**बिलासपुर।** श्री कला मंजरी कथक संस्थान द्वारा पौष पूर्णिमा को कथक दिवस का आयोजन किया गया। इसमें संस्था के बच्चों ने युगल कथक, ओडिसी नृत्य एवं भरत नाट्यम पेश कर माहौल को नृत्यमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राग शंकरा पर आधारित गणेश ध्रुपद से हुआ। संस्था प्रमुख रितेश शर्मा ने बताया कि कथक दिवस का यह कार्यक्रम इस वर्ष शहर से लगे गनियारी में आयोजित हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य केवल शहरी मनोरंजन के लिए ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी संगीत और कला की सुगंध को बिखेरना रहा। इसके बाद डॉ गुंजन तिवारी ने विशुद्ध कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसमें शुद्ध तीन ताल, गोविंद गोपाल मुरारी भजन पर अभिनय एवं शिव पंचाक्षर स्तोत्र की वंदना शामिल रही। श्रावणी इज्जू ने भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी। इसमें उनकी जवाली अभिनय एवं जातीस्वरम की लयात्मक प्रस्तुति रही। कु. हिना दास द्वारा प्रस्तुत ओडिसी नृत्य में राग गुजरी तोड़ी पर आधारित दुर्गा स्तुति की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण युगल कथक नृत्य रहा। जिसे कु. अपूर्वा सिंह और केतन सिंह राठौड़ ने अपनी कत्थक साधना से बेहतर बनाया। इस युगल कथक नृत्य में डमरू हर कर बजे शुद्ध तीन ताल और अंत में राग खमाज पर आधारित ठुमरी और लयकारी प्रस्तुति प्रमुख रही। ज्ञात हो कि किसी भी कला पर आधारित यह भारत वर्ष का पहला कार्यक्रम है। जिसे कला से संबंधित कर दिवस का नाम दिया गया।



कथक दिवस पर कला मंजरी का आयोजन

### भरत नाट्यम ने मोहा मन

कथक दिवस का कार्यक्रम पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष उनका चौथा आवर्तन था। दिवस पर इस बार एक नए ही कथानक त्रिविधा पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति हुई। त्रिविधा के अंतर्गत कथक भरत नाट्यम और ओडिसी नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। इस मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।



संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा ने धन्यवाद की ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन स्वास्थ्य सहयोग के संस्थापक डॉ रमन कटारिया, डॉ योगेंद्र, डॉ मीनाक्षी, आकाशवाणी बिलासपुर से डॉ सुप्रिया भारतीयन, छत्तीसगढ़ डांस संगठन के अध्यक्ष रिंकू मित्रा, शुभदा विवेक जोगलेकर सहित कला प्रेमियों की भारी तादाद में उपस्थिति रही।




# उद्योग संघ के नववर्ष मिलन में गीत-संगीत के साथ रोचक खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उद्योग संघ द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में परिवार मिलन समारोह का आयोजन कुञ्ज कुटीर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, अध्यक्षता हरीश केडिया व जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह मौजूद थे।

नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन में विद्युत विभाग, उद्योग विभाग, स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, पर्यावरण विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सीएसआईडीसी सहित सभी विभागों के अधिकारी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कई मनोरंजन कार्यक्रम भी हुए इसका आयोजन पूर्व अध्यक्ष सुनील मारदा के संचालन में आयोजित किया गया। जैसे कराओके,गायन,हाउजी, महिलाओ एवं बच्चो के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स रखे गए थे। इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अरविन्द गर्ग, चंद्रकांत भट्ट,अनिल अग्रवाल, अजय जाजोदिया के आलावा बहुत से उद्योगपति शामिल थे।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी से अलोक अम्बस्ट, मुख्य अभियंता एस के जांगडे,अधिक्षण यंत्री परस राम साहू, अधिक्षण यंत्री उद्योग विभाग से सीआर नेताम, मुख्य महा प्रबंधक संतोष ध्रुव, महाप्रबंधक श्रीधरराव, प्रबंधक सीएसआईडीसी से पवन ओझा, भारतीय स्टेट बैंक से शुभ्रांशु गुप्ता,सहायक महाप्रबंधक सूर्य प्रकाश,सहायक महाप्रबंधक हरी नारायण, प्रिय मित्र सिंह, सुनील धोरे कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

स्पोर्टर्स न्यूज

बेहद रोमांचक मुकाबले में शौर्य इलेवन की टीम ने 1 रन से जीता मैच

# योद्धा इलेवन ने एकतरफा मुकाबले में वायसीसी इलेवन को 7 विकेट से हराया

**बिलासपुर।** स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के आठवें दिन तीन मैच खेले गए।

पहला मैच शौर्य इलेवन बिलासपुर और योद्धा इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच के अतिथि रहे सीईओं संदीप अग्रवाल, एएसपी पंकज पटेल, एएसपी अनुज कुमार, सीएसपी निमितेश सिंह सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर योद्धा इलेवन की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी शौर्य इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 86 रन बनाए। शौर्य इलेवन की ओर से बल्लेबाज अविनाश और सोनू ने क्रमशः 25 और 27 रन बनाए। योद्धा इलेवन के गेंदबाज शोमैन ने सर्वाधिक 3 विकेट अर्जित किए। 10 ओवरों में 87 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी योद्धा इलेवन की टीम ने 9वें ओवर में 4 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। योद्धा इलेवन के खिलाड़ी अब्दुल शामद को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



दूसरा मैच वायसीसी इलेवन और स्ट्रीमीफाई रायपुर के मध्य खेला गया। इस मैच के अतिथि के रूप में युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी वैभव बैस, सुनीता मणिकपुरी, तिलकराम साहू , मोती गंगवानी, गणेश राम ,कौशलेंद्र, राजीव दुबे उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। स्ट्रीमीफाई रायपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करने उतरी वाय सी सी इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 65 रन बनाए। 66 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्रीमीफाई रायपुर की टीम 6वें ओवर में ही मात्र 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। स्ट्रीमीफाई रायपुर की ओर से सलामी बल्लेबाज बिट्टू ने तूफानी पारी खेलते हुए सर्वाधिक 47 रन बनाए। स्ट्रीमीफाई रायपुर के बल्लेबाज बिट्टू को उनकी 13 गेंदों में 47 रनों की शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। तीसरा मैच योद्धा इलेवन और वायसीसी इलेवन के मध्य खेला गया, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वायसीसी इलेवन की टीम मात्र 20 रन बनाकर ढेर हो गई। योद्धा इलेवन के गेंदबाज फजल ने सर्वाधिक 4 विकेट अर्जित किए।10 ओवरों में 21 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी योद्धा इलेवन की टीम 4थे ओवर के ही 21 रन बनाकर मैच जीत लिया। योद्धा इलेवन के गेंदबाज फजल को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



### राष्ट्रीय स्तरीय फ्लोरबाल की टीम दिल्ली पहुंची

19वी राष्ट्रीय फ्लोरबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की अंडर -12 व अंडर 17 की बालक व बालिका की टीम दिल्ली पहुंची। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम के विभिन्न जिले के खिलाड़ी जिसमें बालक वर्ग अंडर -12 में शुभम मानिकपुरी,यश लहरें, ओंकार सिंह व डेविड कुर्रे वहीं अंडर 17 में साहिल देवांगन,सुर्या महदेवा,विनय लहरे, मुकेश सिन्हा प्रदीप सिंहा, समीर मधुकर आशीष गढ़ेवाल, सौरभ, साहिल हिमांशु, होमी, तन्मय पाठक तन्मय टोंक, कुणाल,अनुज, भूपेंद्र प्रांजल, अक्षत व बालिका वर्ग में आर्या,अन्वी, वैशाली, आस्था अदिति, अर्पिता, अलीना, तनु पायल, गरिमा, चांदनी व नैना है। मुख्य कोच जितेंद्र कुमार, सरिता साहू, गौतम मधुकर, अभय सिन्हा, अनिकेत पटेल , नितेश पटेल, गोकुल प्रजापति, अनीश बघेल व मुकेश साहू होंगे।

## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे धर्मजीत

तखतपुर। अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह 8 जनवरी को दोपहर 1 बजे तहसील प्रांगण तखतपुर में किया जा रहा है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह मौढ़ूद रहेंगे एवं अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष रविंद्र पूजा मक्कड़ करेंगी। साथ ही जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल ने दी।

## निधन

### कमला अवस्थी



बिलासपुर। वार्ड नंबर 10 सिरगिट्टी निवासी कमला अवस्थी का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को सिरगिट्टी मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे रामअवतार अवस्थी की पत्नी एवं ओम अवस्थी, नारायण अवस्थी की माता थीं।

### गौरी चतुर्वेदी



बिलासपुर। गायत्री चौक कुदुदंड निवासी गौरी चतुर्वेदी पौनी वाले का 5 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. बाबू लाल चतुर्वेदी की पत्नी एवं राजेन्द्र, रविन्द्र, राकेश, अजय, विजय, रश्मि, शुभ्रा, रिंकी की माता थीं।

### परमानंद गुरवानी



बिलासपुर। हनु टेंडर्स के पीछे मोहन रेसीडेंसी सरकंडा निवासी परमानंद गुरवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जनवरी को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वः भारु मल गुरवानी के पुत्र एवं दिनेश गुरवानी के पिता थे।

### गंगिया बाई



लोरमी। ग्राम खपरीकलां निवासी गंगिया बाई साहू का 81 वर्ष की आयु में 4 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे कुंजराम साहू शिक्षक व बलराम साहू टेलर की मां थीं।

### नारायण साहू



लोरमी। ग्राम खपरीकला निवासी नारायण साहू का 52 वर्ष की आयु में 3 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खपरीकला में किया गया। वे जगेश साहू की पिता थे।

### सुरेश कुमार शर्मा



बिलासपुर। पारिजात कैसल मकान नं 18 निवासी सेवा निवृत अकाउंटेंट जिला अस्पताल सुरेश कुमार शर्मा का 66 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी की सुबह 11 बजे देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में होगा। वे सीएसईबी के सीनियर स्टेनो उमा शर्मा के पति एवं ऋचा शर्मा ,ऋषभ शर्मा के पिता थे।

## कलश यात्रा निकाल कर स्थापित की गई माता की प्रतिमा

# श्रद्धा भक्ति के साथ परमेश्वरी महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

देवांगन समाज की इष्ट देवी माता परमेश्वरी का सात दिवसीय महोत्सव सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा के पश्चात विधि–विधान से माता परमेश्वरी की मूर्ति की स्थापना की गई। इस अवसर पर देवांगन समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने माता की पूजा–अर्चना कर समाज सहित समस्त नगरवासियों के सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

परमेश्वरी महोत्सव के प्रथम दिन भव्य कलश यात्र देवांगन बाड़ा से प्रारंभ होकर मुंगेली के हृदयस्थल पड़ाव चौक, पंडरिया रोड स्थित पुरानी पानी टंकी होते हुए माता अंगारमोती मंदिर पहुंची। वहां माता की पूजा–अर्चना कर श्रद्धालुओं ने खर्रीपारा स्थित शंकर मंदिर एवं काली मंदिर में नारियल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात बायपास रोड से होते हुए यात्र कार्यक्रम स्थल पहुंची। कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ चल रही थीं, वहीं पुरुष वर्ग के जय देवांगन जय महाजन, माता परमेश्वरी की जय जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना रहा। माता परमेश्वरी के भव्य आगमन पर मुंगेली में बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर विशेष और अलौकिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। आरती के दौरान दीपों की रोशनी, शंखनाद और मंत्रेच्चार से वातावरण अत्यंत भावविभोर हो गया। यह क्षण नगरवासियों के लिए ऐतिहासिक बन गया, जहां श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। 4 जनवरी को ग्राम बरेला से माता परमेश्वरी की मूर्ति को भव्य रूप से लाया गया एवं परमेश्वरी चौक पर समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर माता का स्वागत किया। इसके पश्चात माता को देवांगन बाड़ा कार्यक्रम स्थल लाया गया। माता के आगमन को देखकर श्रद्धालुओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभी ने माता के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### रहता है इंतजार

जिला अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता एवं मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन मुंगेलिहा ने बताया कि, माता परमेश्वरी के आगमन का इंतजार उन्हें पूरे वर्ष रहता है और इस महोत्सव को वे एक पर्व के रूप में मनाते हैं, जिसमें आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक एकता का भी अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है। सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव के दौरान माता के दर्शन हेतु केंद्रीय एवं राज्य स्तर के कई जनप्रतिनिधियों के आगमन की संभावना है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, श्रम व उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन, स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि माता के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

### की जाएगी स्वास्थ्य जांच

माता परमेश्वरी महोत्सव के अंतर्गत 8 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक माता परमेश्वरी प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में देवांगन समाज सहित अन्य समाजों के लोगों के लिए ब्लड, शुगर, बीपी जांच कर निशुल्क दवा वितरण एवं आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था की गई है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सात दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक कथावाचक भूपेंद्र छोटू देवांगन एवं भारत देवांगन द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। वहीं दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक माता की सेवा में भक्ति गीतों का आयोजन होगा। प्रतिदिन संध्या समय माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### इनकी रही सहभागिता

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में देवांगन समाज अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, युवा टीम अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, प्रदेश देवांगन समाज मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन सहित सुदामा देवांगन, अजय देवांगन, शत्रुघ्न देवांगन, जगदीश देवांगन, अनिल देवांगन, दद्दुआ देवांगन, अमन देवांगन, बलराम देवांगन, रजत देवांगन, गोलू देवांगन एवं बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।



बैठक में उपस्थित कलेक्टर एवं अधिकारी।

# सूर्यघर योजना की धीमी प्रगति पर भड़के कलेक्टर

मुंगेली। जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टोरेट परिसर स्थित मनियारी सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने लक्ष्य अनुरूप धीमी प्रगति पर जेई एवं एई पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने ईई को निर्देशित किया कि, वे अधिक से अधिक नागरिकों को योजना से जोड़ने हेतु प्रेरित करें, लोगों को इसके लाभों की जानकारी दें तथा जिले में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की एक महत्वाकांक्षी योजना है, और इसके सफल क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि, विद्युत विभाग ईई की संज्ञान में लाए बिना किसी भी ऋण आवेदन को अस्वीकृत न किया जाए, ताकि हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

* तखतपुर। श्रीमद देवी भागवत पुराण का आयोजन पुरा में 8 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पं दुर्गा प्रसाद तिवारी व मुख्य यजमान किरण विनोद कौशिक हैं।

# चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

लोरमी। छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू के नेतृत्व में 7 सूत्रीय मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपा गया। कामता प्रसाद साहू ने बताया कि, 14 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित न्याय पदयात्रा एवं 7 सूत्रीय मांगों के संबंध में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से विस्तार पूर्वक सार्थक चर्चा हुई। आगे उन्होंने बताया कि, विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण ये न्याय पद यात्रा करनी पड़ रही हैं।

■ 7 सूत्रीय मांगों पर हुई सौहार्दपूर्ण सकारात्मक चर्चा

उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया कि, 7 सूत्रीय मांगों के संबंध में उनकी अध्यक्षता में संबंधित विभाग प्रमुखों एवं संघ प्रतिनिधि मंडल व कर्मचारियों के बीच वार्ता कराकर निराकरण कराया जाए। उपमुख्यमंत्री साव ने संबंधित मांगो के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महामंत्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मरावी, तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मरावी, परिक्षेत्र अध्यक्ष कामता जायसवाल, कोटा बफर अध्यक्ष मानसिंह मसराम, परिक्षेत्र अध्यक्ष छपरवा उदय यादव, घनश्याम साकत, ताम्रध्वज, अमन यादव शामिल रहे।



# नपा अधिकारी ने किया आत्मानंद दाऊपारा का निरीक्षण



मुंगेली। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षक उपस्थिति और छात्र–छात्राओं के बौद्धिक स्तर का परीक्षण किया गया। शिक्षक उपस्थिति एवं विद्यालय संचालन हाई एवं हायर सेकेंडरी विभाग की कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। विद्यालय के कुल 37 स्वीकृत पदों में कुल 31 शिक्षक उपस्थित मिले। शेष में से 2 शिक्षिकाएं मातृत्व अवकाश, 1 शिक्षक आकस्मिक अवकाश तथा 1 सहायक शिक्षक बीएलओ कार्य में संलग्न पाए गए। मिशन 90 प्लस और शैक्षणिक गुणवत्ता बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन 90 प्लस के अंतर्गत कक्षा 10वीं और 12वीं की कक्षाएं एवं कक्षा 9वीं और 11वीं की नियमित कक्षाएं भी सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्री ठाकुर ने कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों से सीधा सवाल किया।

# जात-पात का भेद छोड़कर केवल हिन्दू होने पर गर्व करें

मल्हार। आरएसएस के तत्वावधान में मल्हार के हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर में हिन्दू सम्मेलन संपन्न का आयोजन हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दुओं को एकजुट रखने, सामाजिक समरसता को मजबूत रखना तथा राष्ट्र निर्माण में हिन्दुओ सक्रिय रखना था।

सम्मेलन में सभी समाज के प्रमुखों ने मुख्य वक्ता सह मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया। सम्मेलन का शुभारंभ स्वागत गीत, स्वास्तिक वचन, हनुमान चालीसा के साथ किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मध्य नगरी विद्यालय, बिलासा, संस्कृत विद्यालय, एमडीएम विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, प्रतिमान स्कूल जैतपुर के विद्यार्थियों के गीत, नृत्य, सुआ, पंथी, जसगीत गायन ने लोगों को सम्मोहित कर दिया। सम्मेलन के सहवक्ता महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास महाराज ने सभी हिंदुओं को जात-पात का भेद छोड़कर केवल हिंदू होने और हिंदू लिखने की बात पर जोर दिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता संघ के प्रचारक गणेश राम ने सभी पंथ सभी समाज को केवल हिंदू एक जुटता की बात पर जोर देते हुए भारत देश के सभी जाति को केवल हिंदू होने और एकजुट हिंदू होने का नारा दिया। सम्मेलन का संचालन शेषनारायण गुप्ता ने तथा आभार व्यक्त अकत राम सिन्हा ने किया। सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त्य, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, रोहित भैना, कामता वर्मा, भुवनेश्वर निर्मलकर, राजकुमार वर्मा, मिलु राम कैवर्त, रामनारायण कश्यप, हेमंत सोनू तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, रामफल रामकुमार वर्मा, आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, सपना यादव, आशा कैवर्त, गीता कैवर्त, कमल अवस्थी आकाश कैवर्त,रवि सिंह,बालमुकुंद वैष्णव, दीपक गुप्ता, अरविद साहु, विमल कांत, नरेश, शनि साहु, पंचराम, मनराखन रंजन साहु, सहित मल्हार, जैतपुर, नेवारी, बुढीखार के स्वयंसेवक सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहीं।



सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 26/12/2025

प्रति, 1. आवेदक रिद्धी सिद्धी द्वारा भागीदार राजकुमार तिवारी पिता शिव बालक राम आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. धजाराम कौशिक 3. राम अवतार कौशिक 4. रमाकांत कौशिक पिता राधेश्याम कौशिक सा. बिजौर अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:– सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./ वा. 2025 बिलासपुर, दिनांक 19/03/2025

ग्राम बिजौर प.ह.न. 30 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 108/4, 108/7, 108/9, 108/10, 108/11, 127/1, 129/5, 126/5 रकबा क्रमशः 0.413, 0.182, 0.202, 0.020, 0.085, 0.405, 0.227, 0.421 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक राजकुमार तिवारी निवासी ग्राम गोड़पारा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 09/01/2026 को समय 10:00 से 05.00 के बीच में होना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./20...
बिलासपुर, दिनांक 05.01.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका नोयेल डारेल ब्युकेसीन पिता/ पति बी.ए. ब्यूकेसीन निवासी ग्राम शंकर नगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर के द्वारा प.ह.नं. 37 मौजा तोरवा स्थित भूमि ख.नं. 747/2 रकबा 0.020 हे. एकड़/ हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण/ फौती नामांतरण/ क्रय विक्रय/ दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.01.2026 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार गोवर्धन साहू पिता बिसाहू राम साहू निवासी देवनंदन नगर, फेस-I, सीपत रोड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत होकर यह आम सूचना सर्व साधारण के लिये प्रेषित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि वाके मौजा घुरू प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. सकरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 5/86 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। जो कि भूपेन्द्र गुप्ता पिता गेंदलाल गुप्ता निवासी धनहा रामपुर नैकिन सिधी म.प्र. के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है एवं भूमिस्वामी के साथ भूमि को क्रय करने का सौदा करके निकट भविष्यमें रजिस्ट्री करा ली जायेगी।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/ कंपनी/ फर्म/ अर्द्धशासकीय एवं शासकीय संस्थान को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज आपत्ति दर्ज करायें नियत अवधि व्यतित हो जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। अतः सूचना जाने।
दिनांक 5.1.2026

भवदीय
विष्णु कुमार सोनी
अधिवक्ता
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 7987346500, 7999129921

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टिहुलाडीह प.ह.न. 56 रा.नि.म. तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 14/2 रकबा 0.303 हे./ 0.75 ए. को भू स्वामी / खातेदार प्रदीप माथुर पिता रामखिलावन निवासी टिहुलाडीह तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर से मेरा पक्षकार नीता बाई पति राजेन्द्र कुमार निवासिनी ग्राम टिहुलाडीह थाना व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रय कर ब्याना की रकम दी जा चुकी है तथा क्रयशुदा भूमि का निकट भविष्य मे मेरे पक्षकार के द्वारा रजिस्ट्री कराया जाकर प्रतिफल की शेष राशि अदा कर दिया जावेगा।

अगर किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक/ निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपत्ति है तो 07 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति बनावटी एवं असत्य समझा जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक 05.01.2026

भवदीय
छविराज सिंह क्षत्रीय
अधिवक्ता
पता: वार्ड क्र. 02 तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 78699-69244

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम जूना बिलासपुर
प.ह.नं. 36

क्योंकि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के सह–भू-धारी उमाशंकर कश्यप, शिवशंकर कश्यप पिता श्री ब्रज कुमार कश्यप ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्ट खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 12.01.2026 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 11.00 बजे न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर में नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
खाते का विवरणः खसरा क्रमांक- 293/1, 293/6, 293/8, 296/7 रकबा 0.0739, 0.1010, 0.0320, 0.0120 हे.

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
पक्षकार :- अशोक त्रिपाठी पिता स्व. हरिशंकर त्रिपाठी.... आवेदक
बनाम
अरविंद त्रिपाठी पिता स्व. हरिशंकर त्रिपाठी .... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक त्रिपाठी पिता स्व. हरिशंकर त्रिपाठी निवासी गली नं.04 गीतांजली नगर करबला रोड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोलबाजार शीट नं. 32 प्लाट नं. 18/1 रकबा 1401 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदक एवं अनावेदक अरविंद त्रिपाठी पिता स्व. हरिशंकर त्रिपाठी के नाम पर दर्ज है। आवेदक के व्दारा उक्त नजूल भूमि को पंजीकृत बंटवारानामा दिनांक 15.01.2025 के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 28/01/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/अति.तह. / वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 26/12/2025

रा.प्र.क्र......../ब-121/2025-26
ग्राम-खमतराई, प.ह.नं.-25

एतद्द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम खमतराई, प.ह.न.-25 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती रेखा श्रीवास पति श्री कुमार श्रीवास निवासी ग्राम एकता कॉलोनी खमतराई, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं रेखा श्रीवास का जन्म दिनांक 01/07/1976 को खमतराई में होने का लेख करते हुये जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 14/01/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना/ स्थल जाँच**

प्रति, 1. श्रीमती अंजु श्रीवास्तव (आवेदिका) 2. शिव कुमार रजक (रूपा रजक) 3. पवन तिवारी 4. पवन तिवारी 5. सोनिया 6. रूपा रजक 7. सभाराम रजक
विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 19.12.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम जोंकी प.ह.न. 44. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 783/5 रकबा 0.412 हेक्टेयर भूमि स्वामी अंजू श्रीवास्तव पति सुधीर श्रीवास्तव निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 12/01/2026 को समय 11:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

राजस्व निरीक्षक, सकरी

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 26/12/2025

प्रति, 1. आवेदक विश्राम साहू पिता स्व. कपिल नारायण साहू आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. राम अवतार 3. अशोक कदम 4. मोईन 5. महालक्ष्मी कंस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपर्स 6. मंगलू वगैरह 7. जितेन्द्र मिश्रा 8. मथुरा प्रसाद 9. अर्जुन 10. .....11. .....अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./ वा. 2025 बिलासपुर, दिनांक 24/11/2025

ग्राम बिजौर प.ह.न. 30 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 44/6, 50/2, 49/1, 49/3. 50/3, 51/2, 51/1, 49/5 रकबा 1.671 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विश्राम साहू निवासी चिंगराजपारा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 09/01/2026 को समय 10:00 से 05.00 के बीच में होना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**राजस्व मामले में नोटिस**

मामले का विषय-अपील मामला क्र 202411251200006/2501/APL/ अ-27/वर्ष 2023-24
ग्राम-भांचा सी, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)
सनत भास्कर वि. चंद्रप्रकाश वगैरह
दावा
1. श्रीमती त्रिवेणी खांडेकर पति चोवादास खांडेकर पिता चन्द्रप्रकाश भास्कर, निवासी तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
2. श्रीमती उमा मनहर पति इशु कुमार मनहर पिता चन्द्रप्रकाश भास्कर, निवासी गोड़ही, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
3. श्रीमती प्रियंका सोनवानी पति विजय कुमार सोनवानी पिता चन्द्रप्रकाश भास्कर निवासी अमेरी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 09.01.2026 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओमप्रकाश साहू पिता. स्व अभिनाथ साहू निवासी वार्ड नंबर 12 मरीमाई के पास, हरदी रोड झोपड़ापारा सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हू जो कि निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन करता हू कि मेरे द्वारा मौजा सिरगिट्टी प.ह.न.42 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 1055/24 रकबा 0.0092 हेक्टेयर जो भूमि स्वामी श्रीमती पूजा सिंह पति गिरधारी सिंह निवासी नयापारा पानी टंकी के पास, सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है से क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना है, अतः उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्ष में विक्रय पंजीयन करा दिया जावेगा । सो आम सूचना जाने।
बिलासपुर, दिनांकः 05.01.2026

भवदीय
ओमप्रकाश साहू
वार्ड नंबर 12 मरीमाई मंदिर के पास हरदी रोड झोपड़ापारा सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9039262247

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रखर शर्मा पिता अमरचंद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 16/01/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 01/01/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय माननीय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश महोदय, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/ समंस**

अपील प्र.क्र. ......
पेशी तारीख 28.01.2026
आदेश दिनांक 19.11.2025
प्रोसेस नंबर .......

भुवन सतनामी ...... अपीलार्थी बनाम
याकूमलाल सतनामी वगैरह... उत्तरवादीगण
प्रति, सुखबाई पति गणेश, उम्र 45 वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम मुड़पार, तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)
इस न्यायालय में अपीलार्थी भुवन सतनामी के द्वारा न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा पारित व्य. वाद क्रमांक 08-अ/2018 में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 06.02.2021 के विरूद्ध अपील पेश किया है जिसमें आप उत्तरवादी क्रमांक 3 के रूप में संयाजित है, उक्त अपील प्रकरण में आपकी उपस्थिति हेतु दिनांक 28.01.2026 की तिथि नियत की गयी है।

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप सुनवाई तिथि 28.01.2026 को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के साथ जिसके सम्यक अनुदेश प्रदान किये गये हो, अपने पक्ष समर्थन के मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपील प्रकरण में भाग ले सकती है। यदि नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नही होती है तो अपील प्रकरण का निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो अपील प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील (मुहर) लगाकर जारी किया गया।
स्थानः बिलासपुर
दिनांक 28.11.2025

(शैलेष कुमार केतारप)
प्रथम जिला न्यायाधीश
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

---

**आम सूचना**

मैं सुरजीत सिंह पिता कमलेश्वर सिंह निवासी वार्ड नम्बर 02 जैन टेंट हाऊस के सामने गली कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का सर्व साधारण के अवगतार्थ यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि, मैनें मौजा घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.म. एवं तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 458/1 एवं 459/1 रकबा 0.38 एकड़ (0.1540 हेक्टेयर) भूमि को मैने 283/- रूपये प्रतिवर्गफुट की दर से कुल कीमत 44,88,000/- की कीमत पर क्रय करने का विधिवत पक्का सौदा दिनांक 08/07/2025 को अभिलिखित भूमि स्वामी धरम प्रकाश बंजारे पिता पीपरहा बंजारे निवासी-वार्ड नम्बर 04 गोकुल नगर अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने का अनुबंध कर प्रतिफल मूल्य की आंशिक राशि अग्रीम स्वरूप भुगतान कर दिया हैं, जिसका विक्रय पत्र निकट भविष्य में निष्पादित कराकर पंजीकृत होना था, किन्तु धरम प्रकाश बंजारे के द्वारा पंजीयन नही करने से मेरे द्वारा एक व्यवहार वाद वास्ते संविदा के विशिष्ट पालन हेतु माननीय न्यायालय श्रीमान पंचम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किया हूँ, जो दिनांक-02/02/2026 को उपस्थिति हेतु नियत है।

अतः आमजन को यह सूचित किया जा रहा है कि, उक्त वर्णित भूमि का क्रय करने का संव्यवहार विक्रेता धरम प्रकाश बंजारे से न करे। अन्यथा विक्रेता के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी तथा नुकसानी की जावबदारी स्वयं आपकी होगी।

अस्तु आम सूचना से अवगत हो !
दिनांक- /01/2026

प्रकाशक
सुरजीत सिंह पिता कमलेश्वर सिंह
निवासी- वार्ड नम्बर 02 जैन टेंट हाऊस के सामने गली कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जरौंधा तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ / सीमांकन/रा.नि./2025-26
बिलासपुर दिनांक 02/01/2026

प्रति, 1. आवेदक अजहर अहमद खान 2. संतोष पिता सखन 3. सुखराम पि. मेलनराम 4. झुरू 5. भुवनेश्वर पि. तिलकराम उर्फ गनेशराम 6. उमाशंकर, व्यासनारायण पि. परमेश्वर 7. पुरन पि. लतेल 8. हरिशंकर कौशिक झाडुलाल
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति होने के संबंध में।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार के ज्ञापन क्र. ..../Q/तह./वा./2025 तखतपुर दिनांक 10.11.2025 के अनुसार।

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर तखतपुर के ज्ञापन अनुसार आवेदन अजहर अहमद खान पिता जाकिर के द्वारा ग्राम पेण्ड्री म.नं. 02 प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 853/1, 853/2, 859/2 रकबा क्रमशः 1.6120 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसील तखतपुर को आवेदन किया गया है। उक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन के उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 07.01.2026 को समय 11.00 से 05.00 बजे से किया जाना है, आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित एवं मौका कब्जा प्रमाण के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
टीपः विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय परिवर्तन हो सकता है।
दिनांक 02.01.2026

राजस्व निरीक्षक
जरौंधा, तहसील-तखतपुर बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जरौंधा तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ / सीमांकन/रा.नि./2025-26
बिलासपुर दिनांक 02/01/2026

प्रति, 1. आवेदक आयशा खान 2. जादूलाल आ. लतेल 3. बोधराम बोधन कलेश्वर पि. ढलगन 4. सुखराम पि. तिजऊ 5. पुनीत राम, भरत लाल पि. मुखिया 6. रामचरण ध्रुव पि. गंगाराम 7. शंकुनतला बाई वगै.
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति होने के संबंध में।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार के ज्ञापन क्र. ..../Q/तह./वा./2025 तखतपुर दिनांक 10.11.2025 के अनुसार।

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर तखतपुर के ज्ञापन अनुसार आवेदन आयशा खान पिता जाकिर मोहम्मद के द्वारा ग्राम पेण्ड्री म.नं. 02 प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 854 एवं 856/3 रकबा क्रमशः 0.061 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसील तखतपुर को आवेदन किया गया है। उक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन के उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 07.01.2026 को समय 11.00 से 05.00 बजे से किया जाना है, आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित एवं मौका कब्जा प्रमाण के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
टीपः विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय परिवर्तन हो सकता है।
दिनांक 02.01.2026

राजस्व निरीक्षक
जरौंधा, तहसील-तखतपुर बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. व तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना**

माननीय न्यायालय अति. तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 03.06.2025 में ग्राम हांफा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. व तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नं. 1241/4 रकबा 0.0450 हे. आवेदक/ भूमि स्वामी संजय रात्रे पिता स्व. भैयालाल रात्रे निवासी उसलापुर के द्वारा सीमांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 08.01.26 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदार समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जानें।
टीपः विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

पटवारी हल्का 44 के पटवारी श्री एल.एन. कुर्रे उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारों का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामो के अभिलेख सहित कोटवारों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
प्रति, 1. संजय रात्रे (आवेदक) 2. पुष्पादेवी अग्रवाल 3. मोइनुद्दीन 4. सत्याबाई यादव 5. सीमा सिंह 6. सुरेश श्रीवास/ सुरेन्द्र श्रीवास 7. राजेश कु. अग्रवाल 8. हिमांशु बघेल

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सकरी

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन में किया गया हनुमान चालीसा पाठ



**लोरमी।** मानस ग्राम सारधा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग एक हजार महिला-पुरूष शामिल हुए एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर भारत माता की आरती की। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों भारतीय कला व सनातन संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी ने हिन्दू धर्म को विश्व का सबसे प्राचीन, सार्वकालिक, सार्वभौमिक और समसामयिक तथा सनातनी बताया। जिला संयोजक पोषण साहू ने प्रमुख वक्ता के रूप मे हिन्दूओं के लिए आत्मबल, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व नागरिक कर्तव्यों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झझपुरी सरपंच भुनेश्वरी साहू ने किया। इस मौके पर भागवत प्रवक्ता मुकेश दास वैष्णव, मानस प्रवक्ता हेमलता वैष्णव, जिलापंचायत सदस्य समुन्द सिन्द्राम, सालिक केशरवानी, रामनिवास साहू, दयाराम साहू एवं सालिक राजपूत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार वैष्णव ने किया। कार्यक्रम में द्वारिका राजपूत, मनहरण कश्यप, अभिजीत तिवारी, अशोक वैष्णव, दिलेश्वर ध्रुव, राकेश सिंह, सुशील गंधर्व, गणेश साहू, पारस साहू को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया।

### सेवानिवृत्ति पर सुखदेव को किया गया सम्मानित



**तखतपुर।** जल मौसम विज्ञान में पदस्थ गेज रिडर सुखदेव क्षत्री के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर सुखदेव सिंह ने विचार रखते हुए कहा कि, मैंने अपनी पूरी सेवा काल के दौरान इस बात का विशेष ख्याल रखा कि, समय का पाबंद रहूं, और जो दायित्व सौंपा गया उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूं। पूरे कार्यकाल में अधिकारियों और सभी सहयोगी कर्मचारियों का स्नेह बना रहा। इस अवसर पर उन्हें साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीओ दुबे, सब इंजीनियर ठाकरे, अशोक शर्मा, गजेंद्र वर्मा, शोभा दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पेंशनधारी वृद्धजनों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार



**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय वयोवृद्ध कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के निर्देशानुसार रामगढ़ सियान सदन में सभी पेंशनधारी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, जिला नोडल अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके राय के मार्गदर्शन में वृद्धजनों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर में नाक-कान-गला, नेत्र तथा अन्य विशेषज्ञ उपचार की आवश्यकता वाले पेंशनधारी वृद्धजनों को आगे की जांच एवं उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया। इस पहल से वृद्धजनों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के मानसिक चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय ओबेरॉय, फार्मासिस्ट ओमप्रकाश भास्कर, नर्सिंग ऑफिसर नम्रता पाल सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस एवं मेडिकल टीम ने निकाली नशामुक्ति रैली




**लोरमी।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन व पुलिस प्रशासन और मेडिकल टीम लोरमी के संयुक्त तत्वाधान में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन लोरमी थाना से नगर भ्रमण कर ते हुए रेस्ट हाउस तक किया गया। पुलिस प्रशासन एवं मेडिकल की संयुक्त टीम ने रैली के माध्यम से नशामुक्ति को लेकर जागरुकता लाने का प्रयास किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा ने कहा कि, नशा ही अपराध का मुख्य जड़ है। नशा पर अंकुश लगाने से अपराध पर लगाम लगाया जा सकेगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जायसवाल ने नशे से होने वाले दुष्परिणाम को लेकर लोगों को जागरुक किया। पुलिस थाना स्टाफ लोरमी ने रैली में हिस्सा लिया और नशा करके वाहन ना चलाने की अपील की। इस अवसर पर थाना लोरमी से उपनिरीक्षक सत्येंद्र पूरी गोस्वामी, प्रधान आरक्षक जय प्रकाश दुबे, मिलक राम साहू, आरक्षक अनिल कश्यप, अनिल ठाकुर, मेडिकल टीम से जीवन साहू, अभिलाष जायसवाल, सचिव मुकेश कश्यप, तिरीथ राम साहू, दीपक साहू, पंकज ठाकुर, इंद्रमणी राजपूत, जितेन्द्र साहू, हितेंद्र त्रिपाठी, अजित राम, आजू राम धीमर, नंद कुमार धीमर, गोविंद केवट आदि शामिल हुए।

## 12 किमी में 14 गैर-मानक ब्रेकर, धूल से घुट रहा लोगों का दम

# सुरक्षा नहीं, आफत बने ब्रेकर, हादसों का अड्डा बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत-बिलासपुर मार्ग पर सड़क सुरक्षा के नाम पर किया गया प्रयोग अब आम जनता की सेहत और जान पर भारी पड़ने लगा है। सीपत के नवाडीह चौक से लेकर मोपका के चिल्हाटी मोड़ तक महज 12 किमा की दूरी में 14 रम्बल स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं, वो भी बिना किसी मानक, पेंट और चेतावनी बोर्ड के। इसका नतीजा हादसे, धूल, बीमारी और प्रशासनिक उदासीनता के रूप में लोगों के सामने है। महीने भर पहले ही इन ब्रेकरों का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने जिला सुरक्षा समिति के अगुवाई में किया है, इसके बाद से सड़क हादसों में तेजी से इजाफा हुआ है। दर्जनों लोग गिरकर घायल हो चुके हैं, जबकि दो गंभीर मामलों में सीपत थाना में अपराध दर्ज हुए, जिनमें एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग इसे सुरक्षा उपाय का कारण बताकर पल्ला झाड़ रहा है।



### धूल का जहर, सांसों पर वार

स्थानीय लोगों के अनुसार, कोयला, राखड़, गिट्टी और अन्य सामग्री से लदे भारी वाहन जब इन ब्रेकरों से गुजरते हैं, तो जबरदस्त उछाल के साथ धूल का गुबार उठता है। यह धूल दिनभर दुकानों, घरों और लोगों के फेफड़ों में भर रही है। और लोग बीमार होकर अस्पताल का चक्कर लगा रहे है।

### दिन में 7 बार सफाई, फिर भी धूल

नवाडीह चौक स्थित श्रीराम मेडिकल स्टोर के संचालक राजेश केवट बताते हैं कि, दिन में 5 से 7 बार दुकान की साफ-सफाई करनी पड़ती है। इसके बाद भी काउंटर और दवाइयों पर धूल जम जाती है। स्टाफ को मास्क पहनकर काम करना पड़ रहा है। एलर्जी, सांस और अस्थमा के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।

### गर्द गुबार से व्यापार भी बेहाल

सीपत के होटल संचालक सौरभ शुक्ला कहते हैं कि, खाने-पीने की सामग्री हमेशा ढक कर रखनी पड़ती है, ग्राहक धूल देखकर असहज हो जाते हैं। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। अगर वक्त रहते इन ब्रेकरों को नही हटाया गया था। व्यापार पर और भी ज्यादा असर पड़ने की संभावना है।

### महिला आरक्षक भी गिरकर घायल

रम्बल स्ट्रिप ब्रेकरों पर न तो सफेद पट्टी है, न रिफ्लेक्टर, न ही कोई संकेतक बोर्ड। बाहर से आने वाले वाहन चालकों को ब्रेकर अचानक नजर आते हैं, जिससे तेज ब्रेक लगते हैं और दुर्घटना की नौबत बनती है। 3 दिन पहले ही महिला थाने में पदस्थ महिला आरक्षक प्रियंका शुक्ला में पंधी के ब्रेकर में ड्यूटी जाते समय स्कूटी से गिरकर घायल हो गई हैं।

### थाना क्षेत्र बंटा, जिम्मेदारी बंटी, लेकिन समाधान शून्य

सीपत थाना क्षेत्र में लगभग 6 किमी सड़क आती है, जहां दर्जनों हादसे हो चुके हैं। वहीं लगड़ा ताल से मोपका तक का हिस्सा सरकंडा थाना क्षेत्र में आता है। हादसे हो रहे हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में शिकायत तक दर्ज नहीं हो पा रही।

### प्रशासन का जवाब, सब तय योजना के तहत

इस पूरे मामले पर लोकनिर्माण विभाग बिलासपुर संभाग क्रमांक 1 के कार्यपालन अभियंता सीएस विंध्यराज सिंह का कहना है कि, सीपत-मोपका मार्ग पर बने रम्बल स्ट्रिप ब्रेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में तय किए गए थे। ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर हादसे कम करने के उद्देश्य से इन्हें बनाया गया है।

### कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन देने की तैयारी

ब्रेकर की वजह से धूल डस्ट और हादसों से परेशान सीपत के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने ऐलान किया है कि, वे जल्द ही कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमे गैर-मानक ब्रेकर हटाने और हादसों को रोकने के कई जनहित मुद्दे होंगे।

## जर्जर सड़क से निजात दिलाने जनसंघर्ष मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जनसंघर्ष मोर्चा पथरिया के संयोजक अधिवक्ता दिलीप कौशिक के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पथरिया के सामने लोक सेवा केंद्र के संचालकों एवं अधिवक्ताओं ने खराब सड़क पर उड़ रही अत्यधिक धूल की समस्या को लेकर कलेक्टर मुंगेली एवं अनुभागीय अधिकारी पथरिया के नाम तहसीलदार छाया अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि, बिल्हा विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय पथरिया के सामने सड़क की हालत अत्यंत ही खराब है। सड़क पर छोटी-बड़ी गाड़ियों का आना-जाना लगातार बना रहता है एवं आसपास के ग्रामीण हजारों की संख्या में तहसील एवं जनपद कार्यालय पहुंचते हैं। खराब सड़क एवं उस पर उड़ने वाली धूल से जनमानस को स्वास्थ्यगत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही तहसील कार्यालय के गेट के पास सड़क की ऊंचाई ज्यादा होने से आने-जाने में असुविधा होती है। इन सभी समस्याओं के निदान के लिए पहले भी पहल की जा चुकी है, इसके बावजूद यह समस्या का निदान नहीं किया हुआ। श्री दिलीप कौशिक ने कहा कि, धूलमुक्त स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे पूरा करने में प्रशासन अक्षम साबित हो रहा है, जिसको लेकर जनमानस में आक्रोश व्याप्त है। हम सभी की मांग है कि, एक सप्ताह के भीतर उक्त समस्याओं का निदान किया जाए अन्यथा अधिवक्ता एवं क्षेत्रीय जनमानस जनसंघर्ष मोर्चा के बैनर तले उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## श्रीरामचरित मानस पाठ में शामिल हुए साव




**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षेत्र के ग्राम झाफल के गंगानगर जूनापारा और श्री सिद्ध बाबा मंदिर बिचारपुर में आयोजित पावन श्रीरामचरित मानस पाठ का श्रवण किया। इस दौरान श्री साव ने कहा कि, प्रभु श्रीराम के आदर्श, मर्यादा और सत्य के मार्ग का संदेश मानस के प्रत्येक चौपाई में जीवन को दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि, इस आध्यात्मिक वातावरण में मन को आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होते हैं, और इनसे नई पीढ़ी को जीवन मूल्यों की प्रेरणा मिलती है।

# पशु चिकित्सालय व गर्भाधान केन्द्र का संचालन भगवान भरोसे

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम सेतगंगा में संचालित पशु चिकित्सालय एवं गर्भाधान केन्द्र परिचारक के भरोसे संचालित हो रहा है। यहां जिस डॉक्टर की ड्यूटी है आज तक कभी झांकने तक नहीं आए हैं, जिसके चलते पशु मालिकों को इलाज के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिम्मेदार अधिकारियो से इस विषय पर चर्चा करने के बाद भी अधिकारियो के कान में जू नही रेंगता। एक तरफ राज्य सरकार भले ही किसानों को अनेक सुविधा देने की दावा करने के साथ-साथ पशु पालन के लिए लोगो को प्रेरित कर रही है, लेकिन कुछ जिम्मेदार ऐसे हैं, जो सरकार की योजनाओं का पलीता लगा रहे है। उल्लेखनीय है कि, धर्म नगरी सेतगंगा में संचालित पशु चिकित्सालय एवं गर्भाधान केन्द्र में 21 गांव संचालित हैं। क्षेत्र के किसान जब अपने बीमार पशुओं को इलाज के लिए केन्द्र में आते हैं, तो उनका इलाज नहीं हो पाता। केन्द्र में आए दिन ताला लटकता




रहता है, अस्पताल कभी कभी नहीं खुलता। यहां पदस्थ परिचारक से मोबाईल पर संपर्क करने पर घर जाकर ईलाज करना है। यहां पदस्थ प्रभारी प्रभार लेने के बाद आज तक झांकने नही आएं है इस विषय पर उनसे संपर्क करने पर उनका कहना है कि 4–5 केन्द्रो का अतिरिक्त प्रभार मिलने के कारण समय नही मिलता। जहां पशु मालिक पशु की ईलाज के लिए मोबाइल पर संपर्क करते है तो वह आसपास में निजी डाक्टर से इलाज करवाने की सलाद देते हैं।

## प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी



**लोरमी।** सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी नगर के गुरुद्वारे से शुरू हुई एवं पुराना बस स्टैंड, फव्वारा चौक होते हुए वापस गुरुद्वारे पहुंची। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने गुरु गोबिंद सिंह महाराज की शबद कीर्तन कर 'जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल' के जयकारे लगाए। बच्चों ने भी शबद कीर्तन की और गतका का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लोगों ने गुरु का लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महिलाएं एवं पुरुष, बच्चे शामिल हुए।

## चक्राकुंड में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**सकरी।** ग्राम चक्राकुंड में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने सहभागिता की। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की पवित्र आहुतियों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।




दूसरे दिन यज्ञशाला में नियमित हवन, ध्यान एवं प्रवचन कार्यक्रम संपन्न हुए। वक्ताओं ने गायत्री मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, यह यज्ञ आत्मशुद्धि, समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नैतिक मूल्यों के संवर्धन का माध्यम है। उन्होंने नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और संस्कार निर्माण जैसे विषयों पर भी विचार साझा किए। अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित संत-महात्माओं ने मानव जीवन में सदाचार, सेवा और सद्भाव के महत्व को रेखांकित किया। यज्ञ के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। तीन दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान ने क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आध्यात्मिक जागरण का संदेश दिया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य सावित्री बलराम श्रीवास, होरी लाल कौशिक, विश्राम कौशिक, विजय कौशिक, लक्ष्मी कौशिक, रमेश यादव, प्रेमलाल यादव, अशोक वस्त्रकार, आचार्य अंजली कौशिक, नम्रता कौशिक, वर्षा कौशिक, ऋतु कौशिक, सरिता वस्त्रकार सहित गायत्री परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू

**मुंगेली।** शासन की ओर से 'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' के तहत दलहन–तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु प्राइस सपोर्ट स्कीम लागू की गई है, इसके तहत खरीफ फसलों जैसे अरहर, मूंग, उड़द मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी फसलों जैसे चना, मसूर, सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। किसानों को इस योजना का लाभ उठाने हेतु किसानों को 28 फरवरी तक पंजीकरण पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि इस योजना के तहत अरहर का समर्थन मूल्य 8 हजार रूपए, सोयाबीन 5 हजार 328 रूपए, मूंग 8 हजार 768 रूपए, उड़द 7 हजार 800 रूपए, मूंगफली 7 हजार 263 रूपए, चना 5 हजार 875 रूपए, मसूर 7 हजार रूपए और सरसों का 6 हजार 200 रूपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

## वॉयस ऑफ जीपीएम में साजन को पहला स्थान

**पेण्ड्रा।** जीपीएम जिले में आयोजित 'वॉयस ऑफ जीपीएम सीजन-2' गायन प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल सारबहरा के संगीत शिक्षक साजन पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मरवाही के दीपक तिवारी दूसरे और जिला पंचायत के एपीओ कीर्ति कुशरो तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता कर्मचारी प्रतिभा मंच के तत्वावधान में जिले के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। 4 जनवरी रविवार को पेण्ड्रा स्थित मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल के असेंबली हॉल में कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से गायन एवं काव्य पाठ के लिए कुल 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वास केशरवानी की भजन "बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं" से हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय



बना दिया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत सहित विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के संगीत प्रोफेसर डॉ अभय दुबे, डीएवी स्कूल कुड़कई, पेण्ड्रा के संगीत शिक्षक नीरज चौधरी तथा वरिष्ठ संगीतज्ञ उषा पवार की तीन सदस्यीय निर्णायक समिति द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को गौरेला नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे के सौजन्य से पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, तथा पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान और गौरेला नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतिथियों ने कर्मचारी प्रतिभा मंच के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय चौधरी ने किया।

## मानस भवन के लिए 10 लाख, कला मंडली को 1 लाख देने की घोषणा

# कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है रामचरित मानस

**सकरी।** श्रीराम भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ हैं, उनका जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और सेवा का अनुपम उदाहरण है। रामचरित मानस हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

आज के इस भौतिक युग में मानस समागम आयोजन से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। ऐसे आयोजन से सामाजिक समरसता मजबूत होती है और युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। उक्त बातें ग्राम हांफा में आयोजित श्रीरामचरित मानस समागम के समापन के अवसर पर तखतपुर के विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर गांव के गुड़ी को मानस भवन बनाने के लिए 10 लाख एवं अशासकीय कला मंडली को एक लाख रूपए देने की घोषणा की। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक



गुरुजी ने कहा कि, श्रीरामचरित मानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सभापति भारती माली, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विशाल विक्की सिंह, जनपद सदस्य अरुण चौहान, सरपंच शांता जांगड़े, पूर्व उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, पं गोपाल प्रसाद तिवारी, जुगल किशोर दुबे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोलू दुबे, पूर्व सरपंच संदीप मिश्रा एवं आशीष मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक महेंद्र दुबे व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष मनीराम यादव ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष शत्रुघ्न उपाध्याय, महासचिव संजय तिवारी, राजाराम यादव, चंद्रकांत उपाध्याय, बलिराम यादव, मनहरण केवट, भागवत श्रीवास, धनंजय दुबे, विष्णुकांत यादव, राजू भट्ट, गंभीर यादव, सूर्यकांत उपाध्याय, भूषण श्रीवास, पूर्व सैनिक सुदर्शन यादव, पित्रेश श्रीवास, मनहरण दुबे, रामायण यादव, धनेश उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, रजनीकांत यादव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मातृ शक्तियां उपस्थित थीं। आयोजन के दौरान पूरे समय ग्रामवासी श्रीराम के भक्ति रस में सराबोर रहे। प्रवचनाकार श्रीयुत तिवारी, नरेंद्र दीक्षित, धर्मेंद्र गौरहा, सुरेश तिवारी, अवधेश तिवारी, मुकेश दुबे द्वारा श्रोताओं को प्रवचन का रसपान कराया गया। आयोजन में विभिन्न ग्राम की मानस मंडलियों ने मानस गायन की प्रस्तुति दी। डॉ पूजा पाटले, बहोरन यादव, श्याम सिंह बारले की टीम ने 197 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनने पर हुरा का सम्मान



**सरगांव।** श्रीगुरू सिंह सभा गुरुद्वारा दयालबंद बिलासपुर में पंजाबी युवा समिति की ओर से आयोजित 17वें अलौकिक कीर्तन दरबार के दौरान सरगांव निवासी रणजीत सिंह हुरा को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री नियुक्ति होने पर पर शाल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष मंदीप सिंह गंभीर, सेक्रेटरी अमरजीत सिंह ढुआ, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, पंजाबी युवा समिति अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा, सेक्रेटरी दिलबाग सिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह तथा अन्य वरिष्ठ सदस्य बलजीत सिंह गंभीर राजा, भूपेंद्र सिंह गांधी, चरणजीत सिंह गंभीर, राजविंदर सिंह गंभीर, गुरदीप सिंह अजमानी, महेंद्र सिंह छाबड़ा, जसपाल सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह टुटेजा, अनिल सिंह सलूजा, परमजीत सिंह उपवेजा, कुलवंत सिंह सलूजा और कमलदीप सिंह अरोरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री हुरा ने कहा कि, यह सम्मान मेरे लिए न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पंजाबी समाज की एकजुटता और सेवा भाव का प्रतीक है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री के रूप में मैं समाज के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध रहूंगा। उन्होंने श्री गुरुसिंह सभा और पंजाबी युवा समिति के सभी पदाधिकारियों तथा समाज के बंधुओं को धन्यवाद व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### भागते हुए पकड़े गए घूमते नशेड़ी



**बिलासपुर।** नशे में कार में घूमते हुए पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। मौका मिलते ही दोनों कार से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार सहित दोनों युवकों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। 4 जनवरी की रात कोनी टीआई भावेश शेंडे स्टाफ के साथ क्षेत्र में गश्त कर संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच कर रहे थे। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 10 एडी, 4488 को रोककर पूछताछ की जा रही थी। शराब की गंध आने पर ब्रीद एनालाइजर में फूंक मारने को कहा। इस पर कार सवार दोनों युवक तेज रफ्तार में कार चलाते हुए भागने लगे। पुलिस उक्त कार के पीछे लग गई। काफी प्रयास के बाद आधा किलोमीटर दूर में पीछा कर ओवरटेक करते हुए कार को रोक लिया। कार सवार चालक कपिल माथुर पिता बिरझू राम 38 साल, सुमित माथुर पिता घासीराम माथुर 25 साल तुर्काडीह निवासी को पकड़कर कार सहित थाने लाया गया। जांच करने पर दोनों युवकों के शराब के नशे में होना पाया गया। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो बाइक के बीच भिड़ंत दो लोगों की मौत

**बिलासपुर।** दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सोमवार की शाम 7 बजे कोटा मोड़ के पास आमने सामने दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई है। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतकों के शव का मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतकों के पहचान कार्रवाई में लगी हुई है।

### महिला से 1 लाख की उठाईगीरी, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी में बैंक से पैसा निकालकर जा रही महिला के कपड़ों में मैला फेंककर 1 लाख 2 हजार रुपए की उठाईगीरी के मामले में पुलिस को सफलता मिल गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसीसीयू टीम ने महासमुंद में दबिश देकर नाबालिग सहित 2 शातिर उठाईगीरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 20 हजार रुपए जब्त किए गए हैं। 30 दिसंबर को मल्हार अकोला निवासी प्रेम कुमारी पति रतन लाल कुर्रे 46 साल दोपहर 12.15 बजे मस्तूरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से 1 लाख 2 हजार रुपए निकालकर पैसा थैले में रखकर पैदल जा रही थी। मस्तूरी थाना के कुछ दूर में पीछे से बाइक सवार आए और उन्हें साड़ी में मैला लगने की बात कही। इस पर प्रेम कुमारी सड़क किनारे पेड़ में थैला लटकाकर पास के नल में साड़ी साफ करने लगीं। इसी दौरान एक युवक बाइक से उतरकर आया और पैसा सहित थैला उठाकर अपने साथियों के साथ भाग गया। मस्तूरी व एसीसीयू टीम ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो एक युवक महिला को रैकी करते नजर जा रहा था। एसीसीयू प्रभारी हेमंत आदित्य को पहले से जानकारी थी। कपड़ा में मैला लगाकर उठाईगीरी की वारदात महासमुंद व ओडिशा के गिरोह के द्वारा की जाती है। उनके द्वारा उक्त फुटेज को महासमुंद व ओडिशा में भेजकर पहचान कराई गई, जिससे उक्त संदिग्ध युवक की पहचान महासमूंद में रहने वाले शातिर उठाईगीर के रूप में हुई। उसके बाद श्री आदित्य टीम के साथ महासुमंद में कैम्प कर पतासाजी कर भीमखोज खल्लारी महासमुंद निवासी सचिन ध्रुव पिता राजेश ध्रुव 22 साल व एक नाबालिग को पकड़ लिया। दोनों ने महिला से उठाईगीरी करना स्वीकार कर लिया। दोनों के पास से 20 हजार रुपए जब्त किया गया है। शेष रकम जुआ व शराबखोरी में खर्च कर देना बताया जा रहा है।




389 किसान अभी धान बेचने के लिए कतार में | बिरकोना उपार्जन केंद्र में दोपहर सिर्फ दो किसान धान बेचते पाए गए

# बारदाने भरपूर, लेकिन अब किसान ही दूर, औसतन प्रतिदिन 20 किसानों से खरीदना है धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार व रविवार लगातार दो दिनों के अवकाश के बाद उपार्जन केंद्रों में सोमवार को धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ अधिक होती है। इसके विपरीत बिरकोना उपार्जन केंद्र में सोमवार की दोपहर केवल दो किसान धान बेचते नजर आए। ऑपरेटर ने केंद्र की प्रतिदिन की लिमिट बढ़ने के कारण पर्याप्त टोकन कटने की बात कही व 21 जनवरी तक टोकन फुल होने की जानकारी दी। कुछ दिनों पूर्व तक जिस बारदाने के लिए मारामारी थी वो इस केंद्र में थोक में डंप नजर आए।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अब केवल 26 दिन शेष रह गए हैं। इन 26 दिनों में भी अगर शनिवार व रविवार अवकाश को घटा दिया जाए तो 7 दिन और कम हो जाएंगे। ऐसे में धान खरीदी के लिए केवल 19 दिनों का समय ही शेष बच रहा है। जिले में अब तक धान नहीं बेच पाने वाले किसानों से इन्हीं 19 दिनों में ही





धान की खरीदी की जानी है। प्रशासन का तो यह दावा है कि टोकन पर्याप्त संख्या में काटे जा रहे हैं, जिनमें छोटे व बड़े दोनों ही किसान शामिल हैं। जबकि उपार्जन केंद्रों में नजर आ रही किसानों की कम संख्या, बारदानों के बंडल व सरकारी आंकड़ों में धान बेचने के लिए शेष किसानों की संख्या से 31 जनवरी तक धान की लक्षित खरीदी हो पाने पर ही संदेह है। शहर से लगे धान खरीदी केंद्र बिरकोना में सोमवार की दोपहर केवल दो किसान धान बेचते नजर आए। यहां कुल 850 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें 461 किसानों ने धान बेच लिया है।

ऑपरेटर के अनुसार पहले यहां की प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 8 सौ क्विंटल की थी, जिसे दिसंबर के अंतिम सप्ताह में बढ़ाकर 14 सौ किया गया है, जिससे छोटे व बड़े सभी किसानों के टोकन आसानी से काटे जा रहे हैं। केंद्र द्वारा 21 जनवरी तक के सारे टोकन काटे जा चुके हैं। इन्होंने उठाव की स्थिति भी काफी अच्छी होने की बात कही।

आज दिनांक तक बिरकोना उपार्जन केंद्र से 19 हजार क्विंटल धान का उठाव हो जाने की बात कही गई है। बैमा-नगोई व सोंठी उपार्जन केंद्र में धान की लिमिट नहीं बढ़ाए जाने के कारण बड़े किसानों को टोकन प्राप्त करने में बड़ी परेशानी हो रही है। किसान सहकारी समितियों में जाकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, जिससे लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अधिकारियों द्वारा लिमिट बढ़वाने के संबंध में खाद्य नियंत्रक को आवेदन प्रस्तुत करने को कहा है ताकि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जा सके।

### ढेरी नहीं लगाई, सीधे अपने बारदानों में पलटी

बिरकोना धान खरीदी केंद्र में किसानों द्वारा लाए गए धान की ढेरी नहीं लगवाई गई। किसानों ने सफेद बोरी में अपना धान ट्रैक्टरों में भरकर लाया था, जिसे बारी-बारी अपने सरकारी बारदानों में पलटी कर लिया गया। बाद में इसकी तौल की गई। नियमानुसार किसानों द्वारा लाए गए धान को पूरी तरह जमीन पर ढेरी लगाकर रखा जाना है, ताकि धान की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके। इस दौरान इस बात का भी पता लगाया जाता है कि लाए गए धान में गर्मी वाले धान की मिलावट तो नहीं है।

### प्राप्त हो जाएगा लक्ष्य

जिले के 33 उपार्जन केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यकतानुसार प्रतिदिन की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। निर्धारित समयसीमा में धान खरीदी का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

बैराज में दो फीट गैप से बनी थी दुर्घटना की आशंका

# शिवघाट बैराज में दो महीने बाद केबल डला, जल्द हो सकेगा आवागमन



डाले जा रहे केबल।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिवघाट बैराज पुल के अंतिम छोर पर केबल डालने के लिए छोड़ी गई दो फीट जगह जल्द ही भर ली जाएगी। विद्युत मंडल के द्वारा केबल डालने का काम पूरा किया जा चुका है। ऐसे में अब इस गैप को भरने में कोई दिक्कत नहीं होगी। शिवघाट से कुदुदंड-मंगला की ओर जाने वालों को अब आसानी होगी।

सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के द्वारा अरपा नदी पर सरकंडा शिवघाट पर बैराज बनाया गया गया है। हालांकि अभी यह पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ है, लेकिन आवागमन के लायक तैयार है। उक्त बैराज पुल के अंतिम छोर पर केबल डालने के लिए छोड़ा गया दो फीट गैप अब जल्द ही भरा जा सकेगा। विद्युत मंडल के द्वारा गैप में केबल डालने का काम पूरा कर लिया गया है। चूंकि शिवघाट सरकंडा से बैराज के रास्ते कुदुदंड व मंगला की ओर जाने के लिए यह बेहद शार्टकट रास्ता है, जिससे लोग गैप नहीं भरे जाने की स्थिति में भी पटिया रखकर आवागमन कर रहे हैं। विभाग के अनुसार गैप को भरने में कोई दिक्कत नहीं है, जल्द ही इसे आवागमन के लायक तैयार कर लिया जाएगा।

### अरपा नदी में अब भी प्रवाह जारी

बारिश को समाप्त हुए चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन अरपा नदी में अब भी प्रवाह देखा जा रहा है। शिवघाट बैराज के गेट बंद करने की स्थिति में अरपा में अब भी लबालब पानी जमा हो सकता है। विभाग द्वारा बराज के आसपास बेजा कब्जा कर रह रहे करीब 40 लोगों को कोनी शिफ्ट किया जाना है। इनके घरों में बराज का पानी प्रवेश करने के कारण ही बराज के गेट फिलहाल बंद नहीं किए जा सके थे।

### जल्द पूरा होगा काम

विद्युत मंडल द्वारा गैप पर केबल डालने का काम पूरा किया जा चुका है, जिससे बैराज पुल का यह गैप अब जल्द ही पैक कर लिया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो।

**- पीएन श्रीवास्तव,**
एसडीओ
खारंग डिवीजन

एटीआर में फायरिंग का मामला

# आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- वीडियो वायरल के बाद हरकत में आया एटीआर प्रबंधन

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में प्रवेश करने के बाद एयरगन से फायरिंग कर वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों की गिरफ्तार कर प्रबंधन ने न्यायालय में पेश किया था। तीनों आरोपियों ने कोर्ट में जमानत याचिका लगाया था, जिसे न्यायालय ने खारिज करते हुए उनकी सजा को यथावत रखने का आर्डर जारी किया है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में होने वाली घटना 27 दिसम्बर 2026 की है। 27 दिसम्बर को भी शिवतराई बेरियर की ओर सैलानियों की भीड़ थी। वहीं दूसरी ओर यानि जाकड़बांध से इनोवा गाड़ी में चार युवक सीधे एटीआर के कोर जोन सुरही वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर गए। इन चारों ने सुरही वन परिक्षेत्र में जाकर आग जलाया, जिसके बाद अपने पास रखे एयरगन और अन्य हथियार को लहराते हुए बिना किसी डर के अंधाधुंध फायरिंग करना शुरु कर दिया। गाड़ी को अंदर ले जाने से लेकर फायरिग व आग जलाने की रील बनाकर चारों युवकों ने सोशल मीडिया में वायरल भी कर दिया था। सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रबंधन ने पुलिस के सहयोग से अजीत वैष्णव, अनिकेत और विक्रांत वैष्णव को पकड़कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत अपराध दर्ज कर 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया। सोमवार को तीनों आरोपियों ने न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन लगाया था, जिसे न्यायालय ने खारिज करते हुए उनकी सजा को यथावत रखने का आदेश पारित कर दिया।





आरोपी।

### फरार नाबालिग है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में फायरिंग करने वाले चार युवकों में से तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। तीनों आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, जिसके हाथ में एयरगन रखी हुई थी। उसने तीनों आरोपियों के साथ मिलकर सुरही वन परिक्षेत्र में आग भी जलाया था। विभागीय अधिकारी भी फरार युवक के नाबालिक होने की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं।

### केवल तीन की सूचना

एटीआर कोर जोन में फायरिंग की जानकारी मिलते ही बिलासपुर से रायपुर मुख्यालय तक अफसरों के बीच हड़कंप मच गई थी। युवकों का बनाया वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे प्रदेश के साथ एनटीसीए के अफसरो ने भी देख लिया है। इसकी जांच डिप्टी डायरेक्टर से लेकर नीचे के अधिकारी कर रहे हैं। अब तक केवल तीन आरोपी को पकड़ गया है, जिसकी सूचना डायरेक्टर अभिषेक सिंह को भी दी गई है।

### सर्च वारंट जारी

तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया था, जिन्होंने जमानत याचिका लगाई थी। कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। वहीं एक फरार आरोपी भी है, जिसके नाबालिक होने या बालिग होने की जानकारी अप्राप्त है। आधारकार्ड व अन्य दस्तावेज के जरिए ही कोई पुष्टि हो सकती है। फरार हुए युवक के खिलाफ सर्च वारंट जारी कर दिया गया है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-पल्लव नायक,** रेंजर, एटीआर

# नशे के सौदागर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट ने नशे के सौदागर को 15 साल कैद व 1.50 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।



11 अगस्त 2023 को मुखबिर की सूचना पर तत्कालीन सिविल लाइन थाना के एसआई अवधेश सिंह जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी आकास कुर्रे पिता छन्नू कुर्रे 23 साल बस्ती में कबाड़ी दुकान के पास अवैध रूप से नशीले इजेक्शन की बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर आकाश कुर्रे को पकड़कर नशीला इंजेक्शन बरामद किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट किरण त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोप सिद्ध होने पर आरोपी आकाश कुर्रे एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत 15 साल कठोर कारावास व 1.50 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। एसएसपी रजनेश सिंह के द्वारा उत्कृष्ट विवेचना करने पर एसआई श्री सिंह को पुरस्कृत किया गया है।

### पूजा स्थल में झंडा फहराने से भड़का आक्रोश, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एक समाज के पूजा स्थल में भगवा झंडा लगाने से जन आक्रोश भड़क गया। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, ग्राम मानिकचौरी के एक समाज के पूजा स्थल पर भगवा झंडा लगा दिया था। सोमवार की सुबह पूजा स्थल पर भगवा झंडा देकर बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हो गए। पूजा स्थल पर झंडा लगाने से जन आक्रोश भड़क गया और बड़ी संख्या में समाज के लोग थाने पहुंचकर आपत्ती जताते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने समाज के लोगों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## चार हाइवा सहित सात वाहन पकड़े गए

**बिलासपुर।** गिट्टी व रेत के अवैध परिवहन के मामलों में खनिज विभाग ने चार हाईवा सहित सात वाहनों की जब्ती की है। पकड़े गए सभी वाहनों के खिलाफ खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

- अवैध परिवहन का मामला

खनिज विभाग द्वारा तीन अलग अलग मामलों में सात वाहनों की धरपकड़ की गई है। इसके अंतर्गत जूनापारा तखतपुर में गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन कर रहे चार वाहनों को पकड़ा गया है। इसी तरह लावर खनिज चौकी में अवैध रेत परिवहन के मामले में दो ट्रैक्टर ट्रॉली व अवैध मिट्टी व ईंट का परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गई है। सभी मामलों में खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में खनिज विभाग के उपसंचालक किशोर कुमार गोलघाटे ने बताया कि खनिजों के अवैध परिवहन के मामलों में चाहे वे किसी भी किस्म के खनिजों से संबंधित हों, कलेक्टर द्वारा जब्त किए गए वाहनों को पंद्रह दिनों से पहले नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इसके पीछे अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को एक मैसेज देना है।

## चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** विवाद के दौरान बीच बचाव करने गए चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

3 जनवरी की शाम 7 बजे ग्राम पौंसरा निवासी धरमलाल भार्गव पिता स्व. धनसाय भार्गव घर में थे। इसी दौरान मोहल्ले में संदीप भार्गव व संजय सोनी के बीच विवाद हो रहा था। वह लड़ाई झगड़ा छुड़ाने गए तो संदीप भार्गव ने लाठी से सिर में मारा और अपने भाई अमन भार्गव, अनिकेत भार्गव को बुलाकर गाली गलौज करते हुए अनिकेत ने अपने हाथ रखे लोहे के धारदार हथियार, अमन ने नुकली वस्तु से हमला कर दिया। धरमलाल पर धारदार हथियार से हमला होते देख विरेन्द्र भार्गव, रिषी भागर्व, दीपक भार्गव बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया था। टीआई भावेश शेंडे ने पतासाजी कर हमलावर संदीप भार्गव पिता बद्री प्रसाद भार्गव, अमनदीप भार्गव पिता अयोध्या, उसके भाई अनिकेत भार्गव को गिरफ्तार कर लिया है।




